जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 275 प्रभात जालोर, गुरुवार 9 जनवरी, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## गहलोत ने सभी घोड़े खोल दिये हैं, ए.आई.सी.सी. में भारी पद पाने के लिये!

### इसी संदर्भ में अपने विश्वासी दायें हाथ को दिल्ली में नियुक्ति दिलाई है, जिससे शशिकांत उन्हें पूरा ''फीडबैक'' देते रहें कि दिल्ली में कांग्रेस में क्या हो रहा है

- फिर शशिकांत के फीडबैक के आधार पर, गहलोत अपने राजनीतिक कदम उठायें व चाल चलें।
- साथ ही, गहलोत हरदम की तरह दिल्ली में दोनों हाथों से पैसा बिखेर रहे हैं, पुराने महारथियों को उनके लिये, दिल्ली में लॉबीइंग करने के लिये, माहौल बनाने के लिये।
- इस बार, एक फर्क जरूर है, राहुल गांधी के सबसे नज़दीक माने जाने वाले के.सी. वेणुगोपाल, जिनका संगठन महामंत्री के रूप से पाँच साल का कार्यकाल अब पूरा हो रहा है और वो रिटायर होने के कगार पर हैं, भी गहलोत के पक्ष में खड़े होते से नज़र आ रहे हैं, वेणुगोपाल, गहलोत की, पार्टी का फायनैंसर होने की क्षमता पहचानते हैं। वेणुगोपाल पार्टी अध्यक्ष का राजनैतिक सलाहकार बनना चाहते हैं तथा अगर गहलोत पार्टी में भारी पद पर आ जाते है तो, वेणुगोपाल का पार्टी अध्यक्ष व पार्टी पर पूर्ण नियंत्रण बरकरार रहता है।
- गहलोत की इन सारी कोशिशों के बावजूद यह माना जा रहा है कि सोनिया गांधी अंततोगत्वा गहलोत पर विश्वास करने को शायद ही तैयार हों, क्योंकि गहलोत पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने पार्टी अध्यक्ष के खिलाफ खुलकर बगावत की थी, दो साल पहले।
- क्या, सोनिया गांधी, पार्टी का सुप्रीम लीडर का रुतबा खतरे में डालेंगी, बगावत करने वाले ''सिपाही'' का पुनर्वास करवा कर?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जनवरी। अशोक गहलोत ने ए.आई.सी.सी. में भारी पद पाने के लिये सारे घोड़े खोल दिये हैं।

उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि सर्वशक्तिमान के.सी. वेणुगोपाल इस आधार पर उनका समर्थन कर रहे हैं कि गहलोत कांग्रेस पार्टी के एक बड़े फायनैंसर हैं।

चूँकि वेणुगोपाल को महासचिव (संगठन) पद पर पूरे पाँच साल हो गये हैं, इसलिये ऐसी प्रबल अटकलें हैं कि उन्हें इस पद से हटाकर कोई अन्य पद दिया जा सकता है। लेकिन आज भी इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे राहुल गांधी के दाहिने हाथ तथा उनके सर्वाधिक विश्वसनीय व्यक्ति हैं तथा आज भी उन्हीं की चल रही है। ऐसी चर्चाएं हैं कि वे कांग्रेस अध्यक्ष के राजनैतिक सलाहकार बनना चाहते हैं, जिससे वे अध्यक्ष कार्यालय पर नियंत्रण कर सकें, तथा इसके साथ ही, अशोक गहलोत जैसे, अपने करीबी के महासचिव (संगठन) बनने की स्थिति में, पार्टी पर भी नियंत्रण रख सकें।

जहाँ तक गहलोत का प्रश्न है, वे दिल्ली में अपने पैर रखने की जगह तलाशने के लिए जबरदस्त लामबंदी कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि उन्होंने दो वर्ष पूर्व सोनिया गांधी के खिलाफ विद्रोह किया था।

गहलोत ऐसे एकमात्र नेता हैं, जो सोनिया गांधी को आँखें दिखा चुके हैं, उन्हें खुली चुनौती दे चुके हैं तथा उनके खिलाफ बगावत कर चुके हैं।

ऐसे परिदृश्य में, क्या गांधी परिवार सब कुछ भुलाकर उन्हें माफ कर सकता है, और इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या गांधी परिवार उन पर फिर से भरोसा कर सकता है?

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कट ऑफ से अधिक अंक वालों के लिये पद रिक्त रखें

- हाई कोर्ट में नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 के मामले ने निर्देश दिये।

जयपुर, 8 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में कट ऑफ से अधिक अंक वाले अभ्यर्थियों को राहत देते हुए, उनके लिए पद रिक्त रखने को कहा है। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में चिकित्सा सचिव और स्वास्थ्य निदेशक से जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने ये आदेश विष्णु कुमार व सैयद अहमद सहित अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

इस मामले से जुड़े अधिवक्ता अधिवक्ता आरपी सैनी व लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने 5 मई 2023 को नर्सिंग ऑफिसर के 6961 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे थे। इसमें प्रार्थी ने ओबीसी श्रेणी से आवेदन किया था। उसके ओबीसी श्रेणी में कट ऑफ से ज्यादा अंक हैं। इसके अलावा, उसके पास सीएमएचओ की ओर से जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र भी है। दस्तावेज सत्यापन के दौरान, प्रार्थी को चयन प्रक्रिया में शामिल किया था, लेकिन अंतिम चयन सूची में उसका नाम नहीं है, जबकि याचिकाकर्ता के अनुभव और जीएनएम के अंक जोड़ने पर कुल अंक कट ऑफ से ज्यादा होते हैं। ऐसे में उसे चयन से वंचित रखना गलत है। इसलिए उसे चयनित कर नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नियुक्ति दी जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तेलुगू भाषी लोगों की प्रतिष्ठा व साख धूल चाट रही है अमेरिका में?

### इतने टैक्निकल आई.टी. प्रोफेशनल अमेरिका जाते थे कि संयुक्त आंध्र एक ज़माने में अमेरिका का इक्यानवां राज्य कहलाने लगा था

- हैदराबाद में एक विशेष मंदिर, चिलुकुरु बालाजी, को वीसा मंदिर माना जाने लगा था, क्योंकि मान्यता बन गई थी कि अगर इस मंदिर में अमेरिका में वीसा मिलने की प्रार्थना करो तो शर्तिया वीसा मिलता है, जो हर तेलुगू भाषी युवा की पहली महत्वाकांक्षा थी।
- पर, अमेरिका ने 18,000 भारतीयों के वीसा रद्द करके, वापस भारत भेजने की कवायद शुरु की है। इन 18,000 लोगों में अधिकतर तेलुगू भाषी हैं।
- इन लोगों की प्रतिष्ठा धूल में मिलने का कारण है, इन तेलूगु भाषी आई.टी. विशेषज्ञों ने एक साजिश रचकर एपल कंपनी में भारी घोटाला, कई सालों से चला रखा था। बहुप्रतिष्ठित एपल कंपनी के तेलूगु भाषी कर्मचारी, तमिल एसोशिएशनों के सहयोग से करोड़ों डॉलर इकट्ठा कर इन एन.जी.ओ. को दान देते थे तथा एपल कंपनी दान को ''मैच'' करते हुए अपने सी.एस.आर. फंड से पैसा देती थी, पर एपल से पैसा मिलते ही कर्मचारियों का पैसा उन्हें वापस लौटा दिया जाता था। यह क्रम कई सालों से साल भर चलता था।

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जनवरी। तेलुगू भाषी लोग अमेरिका की सर्वाधिक प्रतिष्ठित फोन और लैपटॉप कंपनी, एपल के चहेते नहीं हैं। एपल ने पिछले दिनों आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के कई लोगों को, कंपनी की कॉरपोरेट सोशल रैस्पाँसबिलिटी (सी.एस.आर.) स्कीम में कथित अनियमितताओं के लिए नौकरी से निकाल दिया।

यहाँ पहुँची खबरों के अनुसार, एपल ने कंपनी की सी.एस.आर. गतिविधियों की फर्जी अनुदान योजना में कथित रूप से लिप्त होने के आरोप में लगभग 185 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें से अधिकांश तेलुगूभाषी हैं।

रिपोर्टों में कई ऐसे उदाहरण दिए गए हैं, जिनमें एपल के कर्मचारियों ने अमेरिका की कुछ तेलुगू संस्थाओं के साथ मिलीभगत करके एपल की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 50 साल बाद नए भवन में शिफ्ट होगा कांग्रेस का मुख्यालय

### कांग्रेस मुख्यालय का नया पता, 24, अकबर रोड से बदल कर इंदिरा गांधी भवन 9, ए कोटला रोड होगा

- कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी 15 जनवरी को सुबह दस बजे नए मुख्यालय का उद्घाटन करेंगी। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद होंगे।
- दिसम्बर 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह और तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसका शिलान्यास किया था। निर्माण में पूरे 15 साल लगे हैं।
- सन् 1978 में जब इंदिरा गांधी सत्ता से बाहर हो चुकी थीं और कांग्रेस भी टूट चुकी थी तब इंदिरा गुट के पास कार्यालय नहीं था। उस समय आंध्र प्रदेश के सांसद जी. वेंकट स्वामी ने अपना सरकारी आवास, 24, अकबर रोड कार्यालय के लिए दिया था।
- कांग्रेस पार्टी का आज़ादी के समय मुख्यालय 7, जंतर-मंतर रोड था, बाद में 5, राजेन्द्र प्रसाद रोड में मुख्यालय बना और फिर 1978 में 24, अकबर रोड मुख्यालय बनाया था।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जनवरी। लगभग 50 साल बाद, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय का पता बदलने जा रहा है। पच्चीस जनवरी को पार्टी मुख्यालय 24, अकबर रोड से इंदिरा गांधी भवन, 9-ए, कोटला रोड पर शिफ्ट हो जायेगा।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी 15 जनवरी को प्रात:10 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट फैसिलिटी का विधिवत् उद्घाटन करेंगी। लगभग 139 वर्ष की विस्तृत अवधि के इतिहास वाली कांग्रेस की समृद्ध विरासत के लिये यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। पार्टी 4, अकबर रोड को छोड़ रही है, जो सोनिया के आवास, 9, जनपथ के ठीक पीछे स्थित था। अब तक वे अपने आवास के पीछे के दरवाजे से पैदल ही पार्टी मुख्यालय पहुँच सकती थीं तथा पार्टी के नेतागण उसी दरवाजे से उनसे मिलने आ जाते थे। इस अवसर पर देश भर के प्रमुख पार्टी नेता एकत्रित होंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तिरुपति में भगदड़ में 6 की मौत

- दर्शन के लिये टोकन के वितरण के दौरान भारी भीड़ उमड़ पड़ी और भगदड़ मच गई।

नई दिल्ली आंध्र प्रदेश , 08 जनवरी। तिरुपति में टोकन बंटने के दौरान मची भगदड़ में करीब 6 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, वैकुंठद्वार सर्वदर्शनम टोकन वितरण के दौरान, तिरुपति के विष्णु निवासम में अफरा-तफरी मच गई, परिणामस्वरुप मची भगदड़ में इतना बड़ा हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार, टोकन प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके कारण 6 लोगों की दुखद मौत हो गई, जिसमें तमिलनाडु के सलेम का एक श्रद्धालु भी शामिल है। घटना के दौरान चार अन्य लोग बीमार पड़ गए, उन्हें तुरंत इलाज के लिए रुइया अस्पताल ले जाया गया।

इस घटना के बाद प्रशासन अलर्ट में है। घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। भगदड़ को लेकर पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐन वक्त पर ऐंबुलेंस ड्राइवर गायब था, जिसके कारण घायलों को अस्पताल पहुंचाने में देरी हुई।

## क्या हमें 6.65 प्रतिशत ग्रोथ रेट से संतुष्ट रहना चाहिये?

### या, रियायतों के इंजैक्शन पर इंजैक्शन लगाकर कृत्रिम रूप से ग्रोथ रेट को 2021-22 की कोविड काल के बाद की ग्रोथ रेट तक खींचकर ले जाना चाहिये?

- यह बहस, पहली बार नहीं हो रही, भारत के इकॉनमिस्टों में, यह बहस छिड़ी है राजीव गांधी के समय, भारत के जाने-माने इकॉनमिस्ट डॉ. राजा चलैया एक तरफ थे तथा दूसरी तरफ थे, आबिद अली, पूर्व कॉमर्स सचिव।
- डॉ. चेलैया का सोच था, इकोनॉमी/जी.डी.पी. को अपनी स्वाभाविक स्वजनित रेट पर बढ़ने देना चाहिये। आबिद अली का तर्क था, सभी खिड़िकियां खोल देनी चाहिये, नई शुद्ध हवा आने के लिए, अगर हवा के साथ कुछ मक्खियां भी आ जाती हैं तो उनसे हम बाद में निपट लेंगे।
- पर, यह सच है कि कृत्रिम तरीकों से रियायतों के इंजैक्शन लगाकर अगर ग्रोथ रेट बढ़ाई जाती है तो कई विकृतियां आ जाती हैं, महंगाई बढ़ जाती है तथा ग्रोथ दीर्घकालीन नहीं होती। अंततोगत्वा गिरती है, जिससे हौंसला टूटता है, निराशा बढ़ती है।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जनवरी। जी.डी.पी. के नवीनतम अग्रिम अनुमानों की घोषणा होने के साथ ही कुछ लोग मान रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है और आने वाले कुछ वर्षों में 8 प्रतिशत या उससे अधिक विकास दर तक नहीं पहुंच पाएगी। उनका मत है कि निकट भविष्य में भारत की ग्रोथ रेट 6 से साढ़े 6 प्रतिशत तक रह सकती है।

तथ्यों को थोड़ा गहराई से देखते हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने 8.2 प्रतिशत की ग्रोथ रेट देखी है। नवीनतम आंकड़े 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत की ग्रोथ रेट दर्शा रहे है। कोविड-19 के हासिल ऊंचाइयों के बाद यह बड़ी गिरावट है जब 2021-22 में ग्रोथ रेट 9.7 प्रतिशत थी। गत 13 सालों में 2012-13 से चार वर्षों में ग्रोथ रेट 8 प्रतिशत से अधिक रही है।

मौजूदा रुझानों के अनुसार भारत की जी.डी.पी. ग्रोथ रेट अधिकांश वर्षों में औसतन 7 प्रतिशत रही है और अर्थव्यवस्था में 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है बशर्ते असाधारण घटनाएं इसमें अड़चन ना डालें, जैसे वैश्विक महामारी या नोट बंदी आदि।

एक बड़ी अर्थव्यवस्था का बिना किसी कृत्रिम प्रोत्साहन के 7 प्रतिशत की दर से बढ़ना कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। ग्रोथ के उन्माद में ऐसी उम्मीदें नहीं करनी चाहिए कि ग्रोथ रेट बहुत ज्यादा बढ़ेगी। उसमें बहुत ज्यादा प्रोत्साहन पैदा होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इसकी बजाय इसे अपनी स्वाभाविक रफ्तार से बढ़ने देना चाहिए।

ग्रोथ का उन्माद समय-समय पर और महत्वपूर्ण मौकों पर नीति निर्माताओं और सामान्य पर्यवेक्षकों को प्रभावित करता है। जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे तब पंचवर्षीय योजना निर्माण के दौरान भारी बहस छिड़ी थी। योजना आयोग दो गुटों में बंट गया था।

डॉ. राजा चेल्लैया जो उस समय के जाने माने अर्थशास्त्री थे और योजना आयोग के सदस्य थे, ने सतर्क सोच का समर्थन किया और सलाह दी थी कि ग्रोथ टारगैट ऐसा हो जो प्राप्त किया जा सके। वहीं दूसरे गुट के सदस्य आबिद हुसैन ने महत्वाकांक्षी योजना बनाने की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## वी. नारायणन इसरो के नये प्रमुख बने

- नारायणन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक हैं। वे 14 जनवरी को कार्यभार सभालेंगे।

नयी दिल्ली, 08 जनवरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नए अध्यक्ष वी. नारायणन होंगे। इसकी जानकारी मंगलवार को भारत सरकार ने दी। वी नारायणन इसरो के अध्यक्ष के रूप में डॉ. एस. सोमनाथ की जगह लेंगे। वी नारायणन अंतरिक्ष विभाग के सचिव का भी कार्यभार संभालेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति के आदेश के अनुसार, वी नारायणन 14 जनवरी को वर्तमान इसरो प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे। वह अगले दो वर्षों तक या अगली सूचना तक इस पद पर रहेंगे। वी नारायणन एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक हैं, जिनके पास रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन में लगभग चार दशकों का अनुभव है। वह एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भारतीय मूल की अनिता आनंद कैनडा के प्रधानमंत्री पद की प्रमुख दावेदार के रुप में उभरीं

### पर, सवाल यह है कि क्या इससे ही भारत और कैनडा के रिश्तों में सुधार हो जाएगा

- इसका जवाब हाँ या ना में नहीं दिया जा सकता, क्योंकि, इसमें नए प्रधानमंत्री की नीतियां और कूटनीतिक नज़रिया महत्वपूर्ण होगा।
- सबसे प्रमुख मुद्दा है, खालिस्तानी आतंकवादियों का। कैनडा में बड़ी संख्या में खालिस्तानी समर्थक रहते हैं। जस्टिन ट्रूडो द्वारा अब तक उन्हें संरक्षण दिया जाता रहा। भारत को उम्मीद है कि अगर अनिता आनंद प्रधानमंत्री बनीं तो वे इस मसले पर भारत की चिंताओं का समाधान करेंगी।
- अनिता आनंद कैनडा में कई विभागों की मंत्री रही हैं तथा कोविड-19 के दौरान उनकी नेतृत्व क्षमता का परिचय मिला, कोविड की वैक्सीन खरीदने में मिली सफलता से।
- विदेश नीति विशेषज्ञों का कहना है कि भारत-अमेरिका के संबंध और कैनडा-अमेरिका के संबंध भी भारत और कैनडा के आपसी रिश्तों को आकार देने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 जनवरी। जस्टिन ट्रूडो ने कैनडा के प्रधानमंत्री पद से त्याग पत्र दे दिया है। अब सवाल यह है कि क्या भारत -कैनडा के रिश्तों में सुधार को प्राथमिकता दी जाएगी। इसका जवाब साधारण ''हां या ना'' नहीं है। इसका जवाब कई कारकों पर निर्भर करेगा, जिनमें उनके उत्तराधिकारी की नीतियां और कूटनीतिक लहजे के साथ दोनों देशों के भूराजनैतिक और आर्थिक हित शामिल होंगे।

ट्रूडो के बाद के संभावित परिदृश्य में जो नया नेता आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता देगा और विवादास्पद मुद्दों का गैरराजनीतिकरण करेगा, वही दोनों देशों के रिश्तो में स्थिरता और शांति ला सकता है। दोनों देशों के कई क्षेत्रों में आर्थिक हित जुड़े हुए हैं। जैसे टैक्नॉलजी, क्लीन एनर्जी व कृषि। दोनों देशों के परस्पर सहयोग से लाभ हो सकता है कैनडा में आतंकी तत्वों के रहने से जुड़ी भारत की चिंता के समाधान से तनाव दूर करने में मदद मिल सकती है।

कुछ मुद्दों, जैसे खालिस्तान आदि, का अगर समाधान नहीं किया गया तो ये हमेशा बने रह सकते हैं, भले ही किसी का भी नेतृत्व हो। कैनडा की घरेलू राजनैतिक गतिशीलता और प्रवासी राजनीति विदेश नीति के निर्णयों को प्रभावित करना जारी रख सकती है।

उल्लेखनीय है कि अनिता आनंद, जो कैनडा की परिवहन और आन्तरिक व्यापार मंत्री हैं, का नाम ट्रूडो के उत्तराधिकारी के रुप में चल रहा है।

अनिता भारतीय मूल की हैं और 2019 से ओकविले, ओन्टारियो का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वे कई महत्वपूर्ण विभाग संभाल चुकी हैं। रक्षा मंत्री के रुप में उन्होंने कैनडा की सेना में यौन उत्पीड़न संबंधी सुधार शुरु किए, सांस्कृतिक बदलाव को प्रोत्साहन दिया। कोविड -19 के दौरान, उनके नेतृत्व को पहचान मिली, क्योंकि उन्होंने कैनडा के लिए वैक्सीन हासिल करने में सफलता प्राप्त की थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संयुक्त राष्ट्र ने एच.एम.पी.वी. को सामान्य सर्दी जुकाम बताया

- संयुक्त राष्ट्र की सोशल पोस्ट में कहा गया है कि इस वायरस को 2001 में पहचाना गया था।

नयी दिल्ली, 08 जनवरी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मानव मेटान्यूमो-वायरस (एचएमपीवी) सामान्य सर्दी ज़ुकाम है जो शिशिर और बसंत ऋतु में होता है। संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि एचएमपीवी नया वायरस नहीं है। इसे सर्वप्रथम वर्ष 2001 में पहचाना गया और यह लंबे समय से मानव समाज में मौजूद है।

पोस्ट में कहा गया कि, यह सामान्य वायरस है जो सामान्य सर्दी ज़ुकाम की तरह श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है।

पोस्ट के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्ल्यूएमओ की वरिष्ठ अधिकारी मार्ग्रेट हैरिस का एक बयान भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# ज़िन्दगी : रीयल और रील के झमेले

वीडियो या रील के माध्यम से आज हम तेजी से अपने इर्द-गिर्द होने वाली घटनाओं और भ्रष्टाचार को आसानी से देख पा रहे हैं। वस्तुतः सकारात्मक दृष्टि से देखा जाए तो सूचना के अधिकार से भी अधिक प्रभावी सिद्ध हुआ है रील बनाने का शौक। लेकिन यह बात सच है कि किसी रहस्य बेईमानी या बदनियति को उजागर करने के लिए कोई आसानी से तो रील नहीं बना सकता, जाहिर सी बात है इसके लिए रील बनाने वाला व्यक्ति चोरी-छुपे प्रयास करता है और ऐसे एक्टिविस्ट लोग तेजी से समाज के सामने गलत बातों को प्रस्तुत करने में कामयाब हो जाते हैं। लेकिन इसका दूसरा पहलू बहुत खराब है, रील या वीडियो बनाने की आदत ने लोगों को ब्लैकमेल के अंधे कुएं में धकेल दिया है। कुछ लोग आदतन अपराधी होते हैं जो इसी काम में लगे रहते हैं और किसी न किसी तरह से गलत चीजों की रील बनाकर ब्लैकमेलिंग का काम करते हैं। आजकल होटल में रहने वाले कपल्स और बड़े-बड़े वस्त्र संग्रहालयों में कपड़े खरीदने वाली लडकियां चेंजिंग रूम में छिपे कैमरों की नजरों से बच नहीं पा रही हैं। अब तो हालत इतने बिगड़ गए हैं कि हॉस्टल्स में लड़कियों के वॉशरूम में छुपकर कैमरे लगाए जा रहे हैं और उनका जीना मुश्किल होता जा रहा है। इन सब के कारण रील या वीडियो बनाने की यह प्रवृत्ति अब बहुत दूषित स्टेज पर पहुंच गई है। प्रसिद्ध होने की चाहत में रील बनाने की आदत ने लड़कियों को लड़कों को एक तरह से खुला लाइसेंस दे दिया है वे यहां-वहां कहीं भी सडक पर, घर पर, नदी-नाले-पहाड़ पर, ट्रेन में बस में ऐसा कोई स्थान शेष नहीं है जहां बेहूदा अश्लील और बकवास किस्म के वीडियो बनाए जा रहे हैं। लेकिन आप उनका कर कुछ नहीं सकते हैं, इस दिशा में न तो किसी तरह का कोई कानून है न ही कोई सामाजिक प्रतिबंध है। और संस्कार की बात तो छोड़ ही दीजिए। क्या आपको पता है भारत में हर दिन 140 बिलियन से अधिक इंस्टाग्राम रील्स प्ले होते हैं। इसीलिए भारत में इंस्टाग्राम रील्स का सबसे बड़ा बाज़ार है।

चौंकिए मत ये तो महज एक आंकड़ा है लेकिन इसे लेकर गलतफहमियां हजारों हैं। जैसे यकायक खूब चमक जाएंगे, हीरो या हीरोइन बन जाएंगे, अकूत पैसा आएगा, माडल बन जाएंगे और निगाह पडी तो राजनीति में भी किस्मत चमक सकती है। दरअसल में पहले टिकटॉक रील बनाने के लिए जाना जाता था लेकिन जब इसका बैन किया तो इंस्टाग्राम ने साल 2021 में रील ऑप्शन लॉन्च कर दिया । खुद इन्स्टाग्राम वालों को भी ये मालूम नही था, महज चार वर्षों में रील बनाने का शौक जबरदस्त जुनून में तब्दील हो जाएगा। आज हालात ये हैं कि रील बनाने वालों की पगलाई भीड़ उचित-अनुचित, नैतिक-अनैतिक, ज़िन्दगी और मौत कुछ नही देख रही कुछ नही समझ रही। लोग अपना कैरियर, रिश्ते यहां तक कि जीवन दांव पर लगा कर रील बना रहे हैं। संवेदन हीन लोग दुर्धटना में सहायता करने के स्थान पर मृत्यु के मुख में जा रहे आदमी की रील बना कर ख्यात होने का भ्रम पाल रहे हैं। लोग खाते-पीते, जगते-सोते यहां तक कि वर्जित बातों के भी रील बना रहे हैं। पैसे कमाने की चाहत वाले कितने लोगों को पता है कि इंस्टाग्राम अब रील दिखाने वाले व्यूज पर कोई पैसे नहीं देता है। कंपनी ने पिछले साल मार्च में ही रील पे बोनस प्रोग्राम को बंद कर दिया है।

**अपनी रील की पंहुच बढ़ाने के लिए लोग तकनीक का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हैशटैग इंस्टाग्राम रील्स पर उसी तरह काम करते हैं जैसे वे नियमित इंस्टाग्राम पोस्ट के लिए करते हैं। अपने रील कैप्शन में प्रासंगिक हैशटैग का उपयोग करने से उनकी पहुंच बढ़ती है और इससे इनको अधिक व्यू, लाइक, कमेंट और शेयर आकर्षित करने में मदद मिलती है। रील बनाना और रील देखना दोनों ही एक लत की तरह पन रहे हैं । रील बनाने वाले लोग पागलों की तरह दिन-रात रील बनाने में लगे रहते हैं यहां तक कि वे अपने परिवार और जीवन को भी दाव पर लगा रहे हैं, ऐसे हजारों समाचार प्रतिदिन सामने आ रहे हैं जहां पति-पत्नी के बीच रील बनाने को लेकर झगड़े हो रहे हैं और मामला तलाक तक पहुंच रहे है।**

अपनी रील की पंहुच बढ़ाने के लिए लोग तकनीक का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हैशटैग इंस्टाग्राम रील्स पर उसी तरह काम करते हैं जैसे वे नियमित इंस्टाग्राम पोस्ट के लिए करते हैं। अपने रील कैप्शन में प्रासंगिक हैशटैग का उपयोग करने से उनकी पहुंच बढ़ती है और इससे इनको अधिक व्यू, लाइक, कमेंट और शेयर आकर्षित करने में मदद मिलती है। रील बनाना और रील देखना दोनों ही एक लत की तरह पन रहे हैं । रील बनाने वाले लोग पागलों की तरह दिन-रात रील बनाने में लगे रहते हैं यहां तक कि वे अपने परिवार और जीवन को भी दाव पर लगा रहे हैं, ऐसे हजारों समाचार प्रतिदिन सामने आ रहे हैं जहां पति-पत्नी के बीच रील बनाने को लेकर झगड़े हो रहे हैं और मामला तलाक तक पहुंच रहे है। बच्चे पढ़ाई छोड़कर रील बनाने में लगे हैं और रील देखने वालों की हालत इससे भी ज्यादा खराब है, ऊपर जो आंकड़ा दिया गया है उसी से पता चलता है कि एक बार जब आप रील देखना शुरू करते हैं तो उसके बाद आपको पता ही नहीं चलता है कि आपने कितना समय इस फालतू के काम में बर्बाद कर दिया है। ऐसा नहीं है कि उपयोगी रील बनती ही नहीं है। जीवन कौशल को विकसित करने के लिए बहुत से अच्छे सुझाव और अच्छी जानकारियां भी रील के माध्यम से मिल रही हैं लेकिन हम सब जानते हैं की अच्छी चीजों पर हमेशा ही बुरी चीजों का प्रभाव ज्यादा व्यापक होता है। अश्लीलता का पूरा बाजार रील्स के माध्यम से पसरा पड़ा है और हमारे तकनीकी विशेषज्ञ असहाय होकर केवल हो रहे नुकसान को देख रहे हैं। माता-पिता को खासतौर पर इस समय इस भयावह आदत को नियंत्रित करने के लिए सजग होने की आवश्यकता है शिक्षकों को इस विषय पर गंभीरता से काम करना चाहिए और सरकार को कठोर कानून बनाकर इस दुष्प्रवृत्ति को रोकना चाहिए।

**–अतिथि संपादक.**
**राजेन्द्र मोहन शर्मा.**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

## राशिफल गुरूवार 9 जनवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, भरणी नक्षत्र दिन 3:07 तक, साध्य योग सायं 5:29 तक, गर करण दिन 12:23 तक, चन्द्रमा रात्रि 8:46 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कर्क, बुध-धनु, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज रवियोग दिन 3:07 तक है। यमघट योग दिन 3:07 से सूर्योदय तक है। भद्रा रात्रि 11:31 से आरम्भ होगी। आज सूर्य पूजा और शाम्ब दशमी है। मन्वादि है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 8:39 तक, चर 11:16 से 12:34 तक, लाभ-अमृत 12:24 से 3:14 तक, शुभ 4:28 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:46



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।



**सिंह**
आज धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।




**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।




**मकर**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। आर्थिक व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।




**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।




**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी।



**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।



**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# चेक बाउंस के ही 45 लाख से अधिक मामले न्यायालयों में विचाराधीन



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि देश के न्यायालयों में 45 लाख से अधिक मामलें केवल और केवल चेक बाउंस होने से संबंधित है। अदालतों में लंबित मुकदमों में करीब 9 प्रतिशत मामलें तो चेक बाउंस के ही है। इसमें भी सर्वाधिक 6 लाख से अधिक मामलें राजस्थान में विचाराधीन है वहीं राजस्थान के साथ ही महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और उत्तर प्रदेश ऐसे राज्य है जहां चेक बाउंस के सर्वाधिक मामलें विचाराधीन है।

न्यायालयों में मुकदमों के बोझ को लेकर न्यायपालिका से लेकर सरकार और इससे जुड़े लोग सभी चिंतित है। देश के न्यायालयों में कुल 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित चल रहे हैं। लगातार सुधारों और सकारात्मक प्रयासों के बावजूद न्याय की प्रतीक्षा में इतनी अधिक संख्या में प्रकरणों का बकाया होना इस मायने में भी चिंता का कारण है कि न्यायालयों पर मुकदमे को बोझ कम होने के स्थान पर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यह सब तो तब है जब लोक अदालतों का समय समय पर लगातार आयोजन किया जा रहा है। दरअसल कुछ इस तरह के मुकदमें है जो सबसे अधिक न्याय के मंदिर का बोझ बढ़ा रहे हैं। ऐसे मुकदमों के निस्तारण की दृष्टि से यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले मुकदमों के निस्तारण का जो रास्ता अख्तियार किया गया है वह निश्चित रुप से सराहनीय और न्यायालयों के बोझ को कम करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास माना जा सकता है। यदि चेक बांउस वाले मामलों को भी इसी तरह से निपटान का कोई रास्ता निकल सके तो न्यायालयों में मुकदमों के अंबार को निष्चित रुप से कम किया जा सकता है।

न्यायपालिका और सरकार न्यायालयों में मुकदमों के अंबार से चिंतित होने के साथ ही समाधान की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। चेक बांउस जैसे मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए सुझाव देने के लिए 10 मार्च, 21 को दस सदस्यीय कमेटी भी बनाई गई समिति ने नेगोशियेबल इंस्ट्रूमेंटल कोर्ट बनाने की सलाह के साथ ही पायलट प्रोजेक्ट के रुप में स्थापना के सुझाव भी दिए और पायलट प्रोजेक्ट के रुप में करीब 25 कोर्ट बने भी। पर परिणाम सामने नहीं आ सके हैं।

अदालतों में लंबित मुकदमों के अंबार को इसी से समझा जा सकता है कि देश में 5 करोड़ से अधिक मुकदमों में वादी प्रतिवादी न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि इनमें से एक लाख 80 हजार मामलें तो 30 साल से भी अधिक समय से लंबित चल रहे हैं। देश के सबसे बड़े न्याय के मंदिर में 80 हजार से अधिक मामलें लंबित है। एक मोटे अनुमान के अनुसार लंबित न्यायालयों में से करीब 85 प्रतिशत से अधिक मामलें तो जिला अदालतों में विचाराधीन है। करीब 25 प्रतिशत मामलें राजस्व से जुड़े हैं। यातायात नियमों की अवहेलना के मामलें भी बहुत अधिक संख्या में है पर इसके निराकरण का रास्ता निकलने लगा है। देश में समय समय पर नियतकाल में लग रही लोक अदालतों में भी बड़ी संख्या में मुकदमों का निस्तारण होने लगा है। पर सवाल वहीं का वहीं हैं कि देष के न्यायालयों में फास्ट ट्रेक सहित विषेष अदालतें बनने के बाद भी कम होने की जगह दिन प्रतिदिन अधिक ही होते जा रहे है। विचाराधीन कैदियों के संदर्भ में राष्ट्रप्रति द्रोपदी मुर्मु की टिप्पणी और उपकी चिंता से सभी वाकिफ हो चुके हैं। होता तो यहां तक है कि हजारों की संख्या में ऐसे प्रकरण देखने को मिल जाएंगे जिसमें जितनी सजा होनी चाहिए उससे अधिक समय तो ज्यूडिशियल कस्टेडी में ही निकल जाता है। इसी तरह से मामूली मारपीट और इसी तरह के दूसर छोटे मोटे मुकदमें न्यायालयों में लगातार बोझ का कारण बनते जा रहे हैं। आपसी जमीन जायदाद और गज दो गज जमीन के, रास्ते के और इनके कारण राजस्व मुकदमों के साथ ही क्रिमिनल मुकदमों और इसी तरह के मुकदमों के न्यायिक प्रक्रिया को पूरा करते हुए त्वरित निस्तारण का कोई समाधान खोजा जाना आवश्यक है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारे न्यायालयों द्वारा मुकदमों का बोझ कम करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। व्यवस्था में काफी सुधार किये गए हैं। पुराने लंबित मुकदमों की पहले सुनवाई पर जोर दिया जा रहा है। इसी तरह से तारीख पर तारीख लेने की परंपरा को भी तोड़ा जा रहा है। व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और तकनीक सेवी बनाया जा रहा है। त्वरित निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है। पर तथ्य तो यही दर्शा रहे हैं कि लाख प्रयासों के बावजूद मुकदमों का अंबार कम नहीं हो रहा। भारतीय न्याय प्रणाली को लेकर सबसे सकारात्मक पक्ष यह है कि देशवासियों को न्याय सिस्टम के प्रति विष्वास है और यही कारण है कि लोग जब कोई विकल्प नहीं दिखता तो न्याय के दरवाजे पर गुहार लगाते है।

तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि न्यायालयों में सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या भी बहुत बहुत बड़ी संख्या में हैं। आर्बिटेशन के प्रावधान होने के बावजूद अधिक मामलें निपट नहीं पाते हैं। अब चेक बांउस के मामलों को ही लिया जाए तो इसमें दो बाते साफ है। मोटे रुप से चेक बांउस होने की स्थिति में 2 वर्ष की सजा या चेक राषि की दो गुणा राशि चुकाने के प्रावधान है। केस की प्रकृति के अनुसार सजा कम ज्यादा हो सकती है। ऐसे में 43 लाख मुकदमों का केवल चेक बाउंस से संबंधित होना इसलिए चिंता का विषय हो जाता है कि पांच करोड़ में से यह संख्या कम होती है और खासतौर से ऐसे हालातों में निचली अदालत में मुकदमों का बोझ काफी कुछ कम हो सकता है। इसके लिए सबसे अच्छा रास्ता तो चेक बांउस प्रकरणों के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाते हुए लोक अदालत लगाई जाकर उसमें दोनों पक्षों को बुलाकर समझाईश से निपटाया जा सकता है या कुछ इसी तरह का कोई हल खोजा जा सकता है। ऐसे मामलों में एक या दो से अधिक तारीख तो दी ही नहीं जानी चाहिए। ऐसे मामलें अदालत में आने की साथ ही दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का तारीख दर तारीख नहीं बल्कि पहली या दूसरी तारीख में ही देकर के निस्तारित किया जाना अधिक उचित होगा ताकि इस तरह के प्रकरणों का निष्पादन हो सके। यह तो सामान्य व्यक्ति के रुप में सुझाव हो सकता है। न्यायपालिका से जुड़े विशेषज्ञ विद्वतगण इस तरह की समस्याओं के समाधान के लिए न्यायिक प्रक्रिया को पूरी करते हुए कोई सकारात्मक सुझाव दे और सरकार व न्यायपालिका द्वारा परीक्षण कर कोई ऐसी व्यवस्था करें तो मुकदमों के अंबार को कम किया जा सकता है। चेक बांउस तो एक पक्ष है इसी तरह के ऐसे मुकदमें जिनमें अधिक कानूनी पेचिदगियां नहीं होती हो उनके त्वरित निस्तारण का रास्ता निकाल कर न्यायालयों के बोझ को हल्का किया जा सकता हैं। सरकार, न्यायपालिका और इस क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को इस दिशा में भी निरंतर मनन और समाधान खोजना ही होगा ताकि न्याय जल्दी मिल सके, मुकदमों का भार कम हो सके।

**–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )।**

# राजस्थान-हरियाणा सीमा विवाद में फंसा करोड़ों रुपये का पत्थर, खनिज विभाग मौन

## करीब एक माह गुजरने को है, लेकिन कोई भी पत्थर का मालिक बनने को तैयार नहीं है

**पहाड़ी/भरतपुर, (निसं)।** राजस्थान-हरियाणा सीमा विवाद में फंसा करोड़ों रुपये का अवैध पत्थर लावरिस हालत में राजस्थान सीमा में पड़ा हुआ है। करीब एक माह गुजरने को जा रहा है लेकिन कोई भी पत्थर का मालिक बनने को तैयार नहीं है, जिसको लेकर हरियाणा, राजस्थान के सरकारी महकमे से लेकर के हरियाणा के राजनेताओं ने दौरा कर हालत को जानने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नही निकला है, ना ही पुलिस अवैध खनन करने वाले माफिया का सुराग लगा पाई है।

**मिलीभगत का अंदेशा :-** गत दिनों राजस्थान सीमा के नांगल क्रशर जॉन के खसरा नम्बर 162 नया नम्बर 211 से सटे हरियाणा सीमा के पहाड़ को खनन माफियाओं ने ब्लास्टिंग कर ढहा दिया था। जिसका पत्थर राजस्थान सीमा में आकर गिरा था, लेकिन उस पत्थर का मालिक कोई भी नहीं बन रहा है, जिसकी जानकारी को लेकर हरियाणा व राजस्थान के खनिज विभाग के अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नही है। यहां तक कि फोन तक को रिसीव करना उचित नहीं समझ रहे हैं। इससे सबके मिलीभगत का खेल की सम्भावना दिखाई देने लगी है।

- **हरियाणा, राजस्थान के सरकारी महकमे से लेकर के हरियाणा के राजनेताओं ने दौरा कर हालात को जानने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला**

**हरियाणा के खनन मंत्री का दौरा, अवैध खनन को नकारा :-** गत दिन इस मामले को लेकर हरियाणा सरकार के खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दौरा कर जायजा लिया। जिसको लेकर हरियाणा के मीडिया को मंत्री ने अवैध खनन होने से साफ इनकार कर दिया है और बताया है कि राजस्थान के वैध लीज खसरा नम्बर 162 में लीज धारकों ने खनन किया है, जिससे हरियाणा के पहाड़ में दरार आई है।

**गिरे हुए पत्थर पर खनन माफिया की नजर :-** हरियाणा व राजस्थान के खनन माफिया की नजर गिरे हुए पत्थर पर कभी भी चोरी से पत्थर गायब हो सकता है। क्योंकि इस पत्थर को लेकर राजस्थान व हरियाणा के विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। इससे लगता है कि रसूखात के चलते सभी मामले को दबाकर करोड़ों रूपये के पत्थर को गायब करना चाहते हैं। अपने अपने बचाव में दोनों राज्यों के खनन विभाग ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर इतिश्री कर ली है। वहीं पुलिस भी आरोपिओ का पता नहीं लगा सकी है।

एसडीएम पहाड़ी दिनेश शर्मा का कहना है कि हमारी जांच के दौरान पत्थर हरियाणा का राजस्थान सीमा में पड़ा हुआ पाया गया है। खनिज विभाग ने एक रिपोर्ट भी दर्ज कराई है बाकी अन्य मामले की जानकारी खनिज विभाग की जवाबदेही है। यदि फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं तो यह मेरे अधिकार क्षेत्र की बात नहीं है।

# मरू महोत्सव का आयोजन 9 से 12 फरवरी तक

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** पर्यटन मानचित्र पर विश्व विख्यात मरू महोत्सव का आयोजन 9 से 12 फरवरी तक होगा। जिला कलेक्टर प्रतापसिंह की अध्यक्षता में मरू महोत्सव को बेहतर एवं यादगार बनाने के लिए बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर सिंह द्वारा मरु महोत्सव में किये जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से समीक्षा की एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े पदाधिकारियों एवं होटल व्यवसाईयों व सम एवं खुहड़ी रिसोर्ट के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर उनसे सुझाव प्राप्त किए। मरु महोत्सव के दौरान पोकरण, जैसलमेर, सम व खुहड़ी में निर्धारित किए गए कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई।

- **जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मरू महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन**

जिला कलेक्टर प्रतापसिंह ने कहा कि मरु महोत्सव का आयोजन भव्य हो एवं महोत्सव में आने वाले हर देशी-विदेशी पर्यटक उसका पूरा आनंद लें, उसी अनुरुप अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए हर कार्यक्रम को यादगार बनायें। जिला कलेक्टर ने सहायक निदेशक, पर्यटक स्वागत केन्द्र को निर्देश दिए कि वे मरु महोत्सव के चार दिवसीय कार्यक्रमों को अंतिम रुप देकर उसका अभी से ही हर स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करवाना सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक पर्यटक महोत्सव को देखने आए।

उन्होंने महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय ख्यातनाम लोक कलाकारों की प्रस्तुति करावें ताकि यहां की लोक संगीत व लोक संस्कृति को ओर अधिक बढ़ावा मिले। बैठक में होटल एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े विक्रमसिंह नाचना, गजेन्द्रसिंह सोढ़ा, कैलाश व्यास, अरुण पुरोहित ने मरु महोत्सव के कार्यक्रमों को और अधिक रौचक बनाने के सम्बन्ध में अपनी ओर से सारगर्भित सुझाव दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर पवन कुमार, उपखण्ड अधिकारी शिवानी जोशी, पुलिस उप अधीक्षक जैसलमेर रुपसिंह इंदा, तहसीलदार सम गजानंद मीणा के साथ ही अन्य मेला व्यवस्थाओं से जुड़े विभागीय अधिकारी, पर्यटन एवं होटल व्यवसाय से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अस्थाई सफाई कार्मिकों को चार माह से नहीं मिला वेतन

**सादुलपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका राजगढ़ में अस्थाई सफाई कर्मचारी एवं पंप चालकों एवं ड्राइवर का चार माह का बकाया भुगतान ठेकेदार को नहीं देने एवं कार्मिकों के खाते में सीधा भुगतान करने की मांग की है।

अध्यक्ष संदीप चावरिया के नेतृत्व में हरिराम, अजय कुमार, बसंत कुमार, सेवालाल, लालचंद, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, उम्मेद, राजेश, देवकीनंदन आदि कार्मिकों ने लिखित शिकायत में बताया कि नगर पालिका में फर्म जेवी इंटरप्राइजेज बीकानेर के माध्यम से अस्थाई सफाई कार्मिकों ने गत चार माह तक मेहनत कर शहर में सफाई व्यवस्था कार्य किया। लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा भुगतान नहीं किया गया। शिकायत में बताया कि पिछली बार 25 लाख रुपए का चेक में पंप

- **अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ ने ठेकेदार को भुगतान नहीं करने की मांग की**

चालकों एवं ड्राइवर का भुगतान नहीं किया गया। शिकायत में ठेकेदार को नगर पालिका द्वारा भुगतान नहीं करने की मांग की है तथा कार्मिकों का पैसा सीधा कार्मिकों के बैंक खाते में डालने की मांग की है। शिकायत में बताया कि मेहनत के बावजूद कार्मिकों को पैसा नहीं मिलने के कारण घरेलू परिस्थितियों खराब होने लगी है तथा भारी परेशानियां उठाने पड रही है। शिकायत में समय रहते उचित कार्रवाई की मांग की है तथा कार्रवाई नहीं होने पर धरना और प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी है।

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे निजी कॉलोनीवासी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे निजी कॉलोनीवासियों ने नगर विकास न्यास के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर निगम के महापौर राकेश पाठक भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

महापौर राकेश पाठक ने कहा कि एवरग्रीन, रुक्मिणी और मातेश्वरी कॉलोनी के लोगो ने गत दिनों नगर निगम में हुई जनसुनवाई के दौरान अपनी समस्याओं से अवगत करवाया था, जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र में फैली गंदगी, सड़कों की कमी और रोड लाइट व पेयजल की समस्या थी। सभी कॉलोनियां यूआईटी क्षेत्र में आती है इसलिए निर्णय हुआ कि आज यूआईटी के अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया जाएगा। इसी के तहत बुधवार को सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने यूआईटी के बाहर प्रदर्शन कर सेकेट्री ललित गोयल को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया, जिसके बाद तत्काल अध्यक्ष कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में सेकेट्री गोयल ने अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से क्षेत्र का सर्वे कर आमजन की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।



**भीलवाड़ा में निजी कॉलोनीवासियों ने नगर विकास न्यास के बाहर प्रदर्शन किया।**

# ड्यूटी के दौरान आर्मी जवान का निधन

**करौली, (निसं.)** करौली के आर्मी जवान का हार्टअटैक से जोधपुर में ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। हवलदार धर्मवीर खटाना नादौती उपखंड में कैमरी के पास दंडकापुरा गांव के रहने वाले थे।

शहीद की पार्थिव देह को बुधवार को पैतृक गांव लाया गया जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार हवलदार धर्मवीर खटाना जोधपुर में सिंगल रेंज में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान मंगलवार प्रातः चार बजे सीने में दर्द हुआ था। इसके बाद उन्हें आर्मी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शहीद की पत्नी विमलेश करौली जिले में पुलिस कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात हैं जबकि शहीद के पिता सूबेदार रामनिवास खटाना भी सेना से सूबेदार के पद से रिटायर हैं।

# सेनेटरी पैड मशीन दी

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लियनेस क्लब, जालोर की ओरसे सेनेटरी पैड बर्निंग मशीन महाविद्यालय को हस्तान्तरित की गयी। यह मशीन सुखराम चौधरी (श्रीराम ग्रेनाइट) के सौजन्य से शारदा चौधरी की ओर से भेंट की गयी।

इस मशीन के लगने से दूरस्थ क्षेत्रो से आने वाली छात्राओं के लिए लम्बे समय तक महाविद्यालय में ठहराव करने पर भी परेषानी नहीं होगी तथा सेनेटरी पैड़ काइको-फ्रेंडली निस्तारण भी सम्भव होगा।

कार्यक्रम मे ंलियनेस क्लब की ओर से शकुन्तलामुंदडा (जिला सलाहकार), अनिता जेथलिया (जिला गर्वनर), जयश्री खत्री (जिला सचिव) मंजू बोहरा (अध्यक्षा), पायलसिद्धावत (सचिव) एवं सपना बजाज उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार की ओर से कार्यवाहक प्राचार्य मनीष अखावत, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी कृष्णा देवल, राजल मिश्रा एवं डॉ. संतोष गोमतीवाल तथा समस्त संकाय सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्राओं ने मशीन के उपयोग के बारे में सीखा तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को जाना।

# परवाह थीम पर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में 1 से 31 जनवरी तक 'परवाह' थीम पर सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जिला मुख्यालय व भीनमाल सहित जिलेभर में जागरूकता रैलियों का आयोजन कर लोगों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

जिला मुख्यालय पर नगर परिषद परिसर जालोर से जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में स्कूली बच्चों ने सड़क का सीधा सा रूल, उल्टा चलने की न करो भूल, बिना हेलमेट के न निकलो सड़क पर, सुरक्षा है हमारा अभिमान बहुत बड़ा, गति सीमा का पालन करो सदा, ओवरस्पीड से बचो, थोड़ा धीरे चलो, बाइक या स्कूटी का सवारी का है तभी मजा, जब पहनो हेलमेट और बचाओ अपना सिर जरा, देर आए दुरूस्त आए, मौत से बचें-अपनी सीटबेल्ट का प्रयोग करें, वाहन धीमा चलाये, अपना कीमती जीवन बचाये एवं जन भली की गाड़ी भली, सड़क कहती की सुरक्षा भली इत्यादि नारों व संदेशों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। रैली जालोर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रा.उ.प्रा.वि. हनुमाशाला पहुँची। जहाँ जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और गति सीमा का ध्यान रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत सहित अधिकारी व स्कूली छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता के लिए भागली टोल नाका पर वाहन चालकों के आँखों की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा 103 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कर परामर्श दिया गया। शिविर में श्री आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल जालोर से आंखों की जांच टीम में डॉ. अनुराग ठाकुर, को-ऑर्डिनेटर हीराराम घुसर, अनिल कुमार व प्रवीण धवल आदि ने अपनी सेवाएं दी। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भागली टोल नाका पर आयोजित नेत्र जांच शिविर का अवलोकन कर चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में बताते हुए हेलमेट व शीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भार वाहनों, ट्रेक्टर ट्रोली व टैंकर इत्यादि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई जाकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक कियाा।

# भाजपा ने जोधपुर शहर व ग्रामीण के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुरमें बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के तहत मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इस बार 45 से कम उम्र की लिमिट रखने के कारण कई नए चेहरे राजनीति में सक्रिय हुए हैं। अभी जोधपुर शहर सहित ग्रामीण में भी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति और 60 साल की उम्र सीमा को लेकर मंथन चल रहा है।

बता दें कि जोधपुर शहर में कुल 12 मंडल हैं और बुधवार को सभी 12 मंडल के अध्यक्षों के नाम की सूची जारी कर दी गई है। महामंदिर में विकास सामरिया, लालसागर में लक्ष्मण भाटी, पावटा में उमेश पलीया, राईका बाग में रणजीत सिंह राजपूत, खांडा फसला में अरविंद पुरोहित, त्रिपोलिया में पूजा सुराणा, रातानाडा में हरिसिंह पंवार, शास्त्री नगर में अमित प्रजापत, मसूरिया में सुरेश मेघवाल, चौपासनी में हेमंत जानयानी, सूरसागर में पंकज भाटी और प्रतापनगर में भैरुदास वैष्णव को मंडल अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है।

कुछ दिनों पहले ही भारतीय जनता पार्टी ने संगठन पर्व के तहत पहली मंडल अध्यक्ष की सूची जारी कर दी थी।जोधपुरदेहात दक्षिण जिले के 13 मंडलों में अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें से 11 चेहरे बदले गए हैं। महज 2 अध्यक्ष रिपीट किए गए हैं।

देहात जिला प्रभारी रामचरण बोहरा ने बताया कि संगठन को विस्तार देने की रणनीति अपनाई गई है। सह चुनाव प्रभारी डॉ. सोहन चौधरी ने बताया था कि मंडल अध्यक्षों के नाम को अंतिम रूप देने के लिए भोपाल सिंह बडला, जिला संगठन प्रभारी श्रवण बंजारा सहित अन्य मौजूद रहे। इसमें नए मंडल अध्यक्ष बनाए गए। 13 नए मंडल अध्यक्षों में से 11 बदले गए हैं।

भाजपा मंडल प्रतिनिधियों की भी घोषणा हुई। इसमें कुड़ी में फुसाराम, झंवर में पोलाराम पटेल, ओसियां में अमरचंद श्रीमाली, तिंवरी में पन्नालाल शर्मा, मथानिया में मदन देवड़ा, धनारी में करणसिंह, डांगियावास में उदाराम विश्नोई, पीपाड़ देहात में शैतान सिंह, बिलाड़ा शहर में सोहनलाल पटेल, बिलाड़ा उत्तर में प्रवीण सोनी मंडल प्रतिनिधि बने।

देहात दक्षिण मण्डल के अध्यक्ष झंवर मंडल में श्रवण पटेल और पीपाड़ देहात में गणपत गोदारा को रिपीट किया गया हैं। इसके अलावा कुड़ी में दिनेश सिंह राजपुरोहित, लूणी में राकेश कुमार गोदारा, ओसियां में मनोहर राम विश्नोई, तिंवरी में ओमाराम, धनारी में प्रकाश सोनी, मथानिया में डॉ. कमल किशोर डागा, बावड़ी में रामदीन ग्वाला, बिलाड़ा शहर में माधव सिंह राठौड़, बिलाड़ा उत्तर में शिवराज सिंह, बिलाड़ा दक्षिण में सुमित्रा विश्नोई, डांगियावास में गंगाराम चौधरी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया हैं।


**EAuction For Salvage Disposal of Flood Affected Bikes, Spare Parts and Helmets**

E-Auction forms are invited for participating in e-auction for Disposal of **Salvage of Flood Affected Bikes, Spare Parts and Helmets "As Is Where Is" basis**, belonging to **M/s Veerprabhu Marketing Limited** Inspection can be done till: **15/01/2025 Till 12 pm (Prior Appointment)**

Contact: SV Goswami : +91-7737548288
Rakesh Kumar : +91-8824041551

**Date of E auction is 15/01/2025 from 4 Pm onwards**

E auction Forms with **Earnest Money Deposit (EMD)** to be submitted latest by **15/01/2025 up to by 2 PM** at the auctioneer's address OR at seller's address.

**E-Auction Portal is www.rlasalvage.auction, visit and register yourself.**

Forms can be obtained from the details given below:

**For Inquiries please contact:-**
**Mr. Mukul Gupta: +91-9999707373,**
R L Agarwal Salvage Solution LLP, Plot No.18, Block C2, Sushant Lok Phase-1, Gurgaon-122002.



**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, जालोर (राज.)**

क्रमांक-परि/2025/5209 दिनांक-02/01/2025

**आम सूचना**

इस कार्यालय में वाहन संख्या RJ16GA6751 वाहन का प्रकार Trailer का फ्रेश पंजीयन फाईनेंसर के नाम जारी करने हेतु प्रार्थना प्रत्र फाईनेंसर मैसर्स IndusInd Bank द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है ।अत: इस आमसुचना के जरिये वाहन स्वामी श्री Nishant Granite पता Jyant Jain sure vihar Jalore को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबध में आपको कोई भी आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को वाजिब प्रमाण प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त वाहन की FRC फाईनेंसर के पक्ष में कर दिया जाएगा ।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जालोर (राज)**



**Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.**
Head office : Near Haridev Joshi Circle , Jalore(Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com / Website: jalorebank.com/Phone No. 94138-54111

क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/8484 दिनांक 08.01.2025

॥ निविदा सूचना ॥

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को अपनी शाखा बालोतरा (जिला - बालोतरा) के नवीन भवन हेतु फर्नीचर निर्माण एवं इलेक्ट्रीक फिटिंग के कार्य हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म /कम्पनी(GST Firm) से निविदाएँ आंमत्रित की जाती है अत: इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) अपनी निविदा दरें सील बन्द लिफाफे में दिनांक 20-01-25 को सांय 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे गये टेण्डर बॉक्स मे डालना सुनिश्चित करें विस्तृत विवरण एवं शर्तें मात्रा इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है ।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. बैंक**


# भंवरू पठान अध्यक्ष बने

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन के जालोर जिलाध्यक्ष पद पर प्रबोधक भंवरू खांन पठान को नियुक्त किया है। माइनॉरिटी कर्मचारी संगठन के सदस्यों ने खुशी जाहिर की। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अतीक अहमद ने रकमा संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए जालोर जिले के जिला अध्यक्ष पद पर भंवरु खान पठान प्रबोधक राउप्रावि मादलपुरा को मनोनीत किया गया। भंवरू खान पठान के जिला अध्यक्ष बनने पर माइनॉरिटी कर्मचारी संगठन के सदस्यों ने खुशी जाहिर की और पठान को मुबारकबाद दी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रफीक मोहम्मद शेख, महासचिव उमराव खान नायक, प्रदेश उपाध्यक्ष अमीन खान, असलम शेख, अहमद खान, अकबर खान, इरफान खान हब्शी,अमीन खान मेहर, अमजद खान हब्सी, अरशद खान, बरकत खान, आसिफ खान,सत्तार खान जोया, धनु खान मेहर, हिदायत खान मंडोरी,लियाकत खान मेहर, बरकत खान मेंहर, आरिफ खोखर, अफरोज खान सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

# जे.सी.आई. पाली डायनेमिक 2025 के नरेंद्र गोलछा अध्यक्ष बने

**पाली**, (नि.सं.)। जेसीआई पाली डायनेमिक की वार्षिक जरनल मीटिंग में वर्ष 2025 के लिए नए कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। इस बैठक में नरेंद्र गोलछा को अध्यक्ष एवं धर्मेंद्र खत्री को सचिव एवं मनीष कांकरिया को सचिव पद के लिए निर्वाचित किया गया। यह बैठक सुमेरपुर रोड स्थित एक निजी स्थल पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विनय बंब की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

सचिव अरिहंत सुंदेचा ने बताया कि बैठक की शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष धीरज मूंदड़ा द्वारा वर्ष 2024 में संस्था द्वारा किए गए कार्यों के विस्तृत ब्यौरे के साथ हुई। उन्होंने बताया कि संस्था ने पिछले वर्ष विभिन्न सामाजिक और जनहितैषी गतिविधियों जैसे स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पर्यावरण जागरूकता अभियान एवं युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक किया। कोषाध्यक्ष नवरत्न सिंघवी ने वर्ष 2024 का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए संस्था की आर्थिक स्थिति और विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए किए गए खर्चों की जानकारी दी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र गोलछा ने अपने उद्बोधन में आगामी वर्ष के लिए संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु अपनी योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संस्था समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

उन्होंने अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष धीरज मूंदड़ा, पूर्व अध्यक्ष विशाल कोठारी, विकास बुबकिया, परेश बाफना, निमित लश्करी, पंकज दुबे, दिनेश पंवार, तेजपाल जैन, कपिल जैन, ललित जालान, राकेश मेहता, विशाल कांकरिया, विकास जैन, अक्षय डागा, राजेश चौधरी, योगेश सोलंकी, संदीप मेहता सहित सदस्य उपस्थित थे। सभी ने नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# कारागृह पाली का निरीक्षण

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा आज जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। 104 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले। सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। कारागृह में निरूद्ध बन्दियों द्वारा पौष्टिक एवं पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध करवाये जाने तथा अन्य व्यवस्थाएं सही होना बताया। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इस हेतु प्राधिकरण सचिव श्री विक्रम सिंह भाटी द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त सचिव भाटी द्वारा इन्टर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने आए विधि विद्यार्थियों को जिला कारागृह पर संचालित विधिक सेवा केन्द्र की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया तथा जोराराम कारापाल जिला कारागृह पाली द्वारा बंदियों की वी.सी. के माध्यम से न्यायालय में पेशगी की प्रक्रिया, कारागार में एसटीडी बूथ आदि के संबंध में विधि विद्यार्थी को जानकारी दी। के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा कारागृह में साफ-सफाई व्यवस्था का ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

शाखा कार्यालय: पुराना चेक पोस्ट, आबू रोड़, जिला सिरोही-307026 ( राजस्थान )
फोन नं.: 02974-226083, ई-मेल: vjabu@bankofbaroda.co.in

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं। अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणियों का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/ बंधक सम्पत्ति का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|
| **मैसर्स जे एल एण्ड सन्स कंपनी प्रोपराईटर श्री अश्विन कुमार पुत्र श्री जयंती लाल** कार्यालय पता- जी-1, 183, रीको औद्योगिक क्षेत्र, आबू रोड़, सिरोही, राजस्थान 307026 आवासीय पता- केदारनाथ गली, नितौड़ा, सिरोही, राजस्थान 307023 | श्री अश्विन कुमार पुत्र श्री जयंती लाल के नाम साम्यिक बंधक आवासीय भूमि एवं भवन जो पट्टा नं. 18-158, गाँव नितौड़ा, तहसील पिण्डवाड़ा, जिला सिरोही, राजस्थान 307023 पर स्थित है। सीमाएं- पूर्व: बाबू राम का मकान, पश्चिम: धर्मा राम का मकान, उत्तर: खीमा राम का मकान एवं दरवाजा, दक्षिण: जैन मंदिर | 12.12.2024 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 31.05.2021 | दिनांक 12.12.2024 को बकाया राशि रू. 7,36,972.80 ( रूपये सात लाख छत्तीस हजार नौ सौ बहतर एवं पैसे अस्सी मात्र ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |


इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।

**कर्जदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

दिनांक: 08.01.2025 हस्ता.
स्थान: आबू रोड़ ( सिरोही ) प्राधिकृत अधिकारी


# मेडिकल कैंप लगा

**जालोर**, (कासं)। भारतीय सेना की 13 इन्फेन्ट्री बटालियन द्वारा नंदीश्वर जैन बोर्डिंग में एक दिवसीय निःशुल्क आर्मी मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। 153 रोगियों को लाभांवित किया गया। शिविर में भूतपूर्व सैनिक संस्थान एवं रोटरी क्लब का सहयोग रहा। नायब सूबेदार स्वरूपसिंह ने बताया कि कैम्प के दौरान फिजिशियन मेजर राजीव रंजन व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी द्वारा मरीजों की जांच कर परामर्श दिया जाकर दवाईयों का वितरण किया गया। आस-पास के क्षेत्रों के लोग सहित भूतपूर्व सैनिकों के परिवार लाभांवित हुए।






# जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों का विरोध बढ़ा, पुलिस ने खदेड़ा

## ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव किया, पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए हल्का बल प्रयोग किया

**नागौर, (निसं)।** जिले के सरासनी गांव में एक निजी कंपनी के विरोध में धरना दे रहे किसान और पुलिस बुधवार को आमने-सामने हो गए। जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों का विरोध बढ़ गया। ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव किया तो पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए हल्का बल प्रयोग किया।

इस बीच कुछ लोगों ने एक खेत में आग लगा दी। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। वहीं, इस घटना पर सांसद हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पुलिस लाठीचार्ज को निंदनीय बताया है।

जानकारी के मुताबिक जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई के विरोध में किसान 134 दिन से धरना दे रहे थे। इस बीच बुधवार को निजी कंपनी की ओर से हरिमा, सरासनी आदि गांव में जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही थी। इस बीच धरने पर बैठे ग्रामीणों का विरोध बढ़ गया। ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया तो पुलिस ने भी लोगों को खदेड़ने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। कुछ लोगों ने खेत में आग लगा दी।



**सरासनी गांव में जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों के विरोध करने पर पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए हल्का बल प्रयोग किया।**

घटना के बाद मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कि कंपनी की ओर से हरिमा, सरासनी आदि गांव में जमीन खरीदी गई है। सरासनी के किसानों का आरोप है कि उनकी जमीनें 8 लाख रुपए प्रति बीघा में खरीदी गई और सही कीमत नहीं दी। इसी को लेकर यह धरना चल रहा था। कंपनी ने बुधवार को काम शुरू किया तो विवाद बढ़ गया।

**जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने बुलाई बैठक :-** इस पूरे मामले के बाद नागौर जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में कंपनी और विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों के प्रतिनिधि मंडल को बुलाया गया है। किसान इस बात पर अड़े हैं कि जमीनों के जो पैसे हैं उनके दाम बढ़ाकर दिए जाएं, फिलहाल पूरे मामले में जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित नजर बनाए हुए हैं।

- **कुछ लोगों ने एक खेत में आग लगा दी, मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, पुलिस जाप्ता तैनात**

**पुलिस जाप्ता तैनात:-** जायल डिप्टी खेमाराम बिजारणियां ने बताया कि कंपनी के काम शुरू करने के दौरान पुलिस भी मौजूद रही। किसानों ने विरोध किया और पत्थरबाजी हो गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। इसी बीच कुछ लोगों ने एक खेत में आग भी लगा दी। घटना के बाद सरासनी गांव में भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है।

# मकान तोड़ने के मामले में हाईकोर्ट की रोक

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जालोर जिले में राजपूत समाज के लोगों के मकान तोड़ने पर रोक लगा दी है। कोर्ट में इस मामले को लेकर सुनवाई की गई थी जिसमें लक सिंह, देवी सिंह और मोहन सिंह की ओर से याचिका दायर की गई थी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से निखिल भंडारी ने पैरवी की।

ग्राम डूड़सी निवासी लखसिंह, देवीसिंह व मोहनसिंह ने राजस्थान हाईकोर्ट में एक रिट याचिका तथा स्थगन प्रार्थना-पत्र एडवोकेट निखिल भण्डारी के मार्फत पेश किया था। एडवोकेट निखिल भण्डारी ने बहस करते हुए हाईकोर्ट को यह बताया कि प्रार्थी कई पीढ़ियों से ग्राम डूड़सी के खसरा नम्बर 655 में पिछले 60 वर्षों से निवास कर रहे हैं। उनके पास जमीन की जमाबन्दी तथा नक्शा भी मौजूद हैं। वे भूमि की बीगोड़ी/टैक्स भी सम्बन्धित विभाग में जमा कराते हैं, जिसकी सनद भी जारी हो चुकी है। एडवोकेट निखिल भण्डारी ने बहस करते हुए यह भी बताया कि उन्होंने रिट याचिका के साथ प्रार्थीगणों के पुराने पक्के मकान के फोटो भी प्रस्तुत कर रखे हैं, लेकिन जालोर तहसीलदार, उपखण्ड अधिकारी व जिला कलेक्टर प्रार्थीगणों के निर्माण तोड़कर उन्हें बेघर व बेकब्जा करना चाहते हैं, जो कि अनुचित व अवैध है। एडवोकेट निखिल भण्डारी ने हाईकोर्ट से यह अनुरोध किया कि अप्रार्थीगणों को ऐसा करने से रोका जाए। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर ने सुनवाई के बाद अप्रार्थीगणों को नोटिस जारी कर लखसिंह, देवीसिंह व मोहन सिंह के मकान व निर्माण को तोड़ने व उन्हें बेकब्जा करने पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगा दी।

# अफीम का दूध जप्त, एक बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने तीन लाख रूपये का अवैध अफीम दूध जब्त कर एक आरोपी को गिरपतार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में प्रोबेशनर आईपीएस माधव उपाध्याय व प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने आसूचना के सहयोग से देबारी क्षैत्र से शंभूसिंह पुत्र भंवरसिंह निवासी नला फला देबारी प्रतापनगर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से तीन लाख रूपये मूल्य का अवैध मादक पदार्थ अफीम दूध जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।


**राजस्थान IV 4ए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड**
(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
बी-9, कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016

**सूचना**

(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (2) के तहत)

1. **राजस्थान IV 4A पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016** में है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित है, ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (1) के तहत पारेषण लाइनों, उप-स्टेशनों और अन्य परिसंपत्तियों के संबंध में ट्रांसमिशन लाइसेंस प्रदान करने के लिए एक आवेदन किया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्र. सं. | लाइन/सबस्टेशन का नाम (नोट के अनुसार स्थान) | बीपीसी की सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार लाइन की लंबाई/क्षमता | वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्क (आईएनआर) मिलियन प्रति वर्ष | कमीशनिंग शेड्यूल | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 765/400 केवी घिरोर (जिला मैनपुरी) सब-स्टेशन और संबंधित उपकरण। | 3000 एमवीए, 730 एमवीएआर (बीआर) 1380 एमवीएआर (एसएलआर) | 5979.29 | असरदार तारीख यानी 30.12.2024 से 24 महीने | |
| 2. | बाड़मेर-I पूलिंग सब-स्टेशन पर संवर्द्धन कार्य संबंधित खण्डों के साथ | 5500 एमवीए | | | |
| 3. | स्टेटकॉम (2x±300 एमवीएआर) के साथ एमएससी (4X125 एमवीएआर) और एमएसआर (2X125 एमवीएआर) के साथ-साथ बाड़मेर-I पीएस में 2 नग 400 केवी बे | 600 एमवीएआर | | | |
| 4. | 400 केवी फतेहगढ़-IV पीएस (सेक्शन-2)-बाड़मेर-I पीएस डी/सी लाइन (क्वाड) | 39.588 किमी | | | |
| 5. | फतेहगढ़-IV पीएस (सेक्शन-2) पर 2 नग 400 केवी लाइन बे | | | | |
| 6. | 765 केवी दौसा-घिरोर डी/सी लाइन | 283.046 किमी | | | |
| 7. | घिरोर एस/एस पर 765 केवी अलीगढ़ (पीजी)-उरई (पीजी) डी/सी लाइन के दोनों सर्किट का एलआईएलओ | 34.83 किमी | | | |
| 8. | घिरोर में 765 केवी आगरा (पीजी)-फतेहपुर (पीजी) 2Xएस/सी लाइन के एक सर्किट का एलआईएलओ | 26.137 कि.मी | | | |
| 9. | 400 केवी घिरोर-फिरोज़ाबाद (यूपीपीटीसीएल) डी/सी लाइन (क्वाड) | 43.281 कि.मी | | | |
| 10. | दौसा एस/एस पर 2 नग 765 केवी लाइन बे | 480 एमवीएआर (एसएलआर) | | | |
| 11. | फिरोजाबाद (यूपीपीटीसीएल) एस/एस में 2 नग 400 केवी लाइन बे | | | | |

नोट: (i) तत्व 1, 7,8, 9, और 11 के स्थान उत्तर प्रदेश राज्य में हैं; तत्व 2,3,4,5 और 10 का स्थान राजस्थान में है, और तत्व 6 का स्थान उत्तर प्रदेश और राजस्थान दोनों में है।
(ii) पूर्ण दायरे के लिए कृपया **https://www.powergrid.in@subsidiaries** पर जाएं

2. आयोग के समक्ष दायर पूर्ण आवेदन और अन्य दस्तावेज पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.powergrid.in/subsidiaries** पर किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के सी/ओ ईडी (टीबीसीबी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुड़गांव 122001 में, श्री प्रेम प्रकाश राय, परियोजना प्रभारी, राजस्थान IV 4ए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड या आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोग का कार्यालय के साथ भी किया जा सकता है।
3. आपत्ति या सुझाव, यदि कोई हो, आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट, अखबार में नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, 7 वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 के समक्ष आपत्ति (ओं)/सुझाव (ओं) की एक प्रति के साथ दायर किया जाना चाहिए।

स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 09.01.2025

श्री प्रेम प्रकाश राय,
परियोजना प्रभारी,
राजस्थान IV 4ए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड


# कोचिंग छात्र के बैंक खाते में फ्रॉड राशि का लेनदेन, मामला दर्ज

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले एक छात्र के बैंक खाते का दुरुपयोग कर इसमें फ्रॉड की राशि के लेनदेन का मामला साइबर थाने में दर्ज हुआ है। कोचिंग स्टूडेंट को लोन दिलाने के बहाने उसके एक दोस्त ने उससे डॉक्यूमेंट लिए। बाद में लोन की प्रोसेस पूरी करने के नाम पर खाते की पास बुक और एटीएम आदि अपने पास रख लिए। पीड़ित स्टूडेंट के मोबाइल नंबर की जगह अपना नंबर अपडेट करवा लिया और साइबर फ्रॉड की राशि का लेनदेन खाते में कर दिया। कोचिंग स्टूडेंट को अपने साथ हुए धोखे का तब पता तब लगा जब उसे हरियाणा पुलिस से मिली टेलीफोन कॉल से उसके खाते में फ्रॉड राशि के लेनदेन का पता लगा। इस पर उसने साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया।

- **दोस्त ने धोखे से बैंक अकाउंट खुलवाया, मोबाइल नंबर बदलकर की धोखाधड़ी**

पीड़ित स्टूडेंट ने बताया कि वह शहर के एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ता है। पढ़ाई के दौरान उसकी पहचान एक साथी स्टूडेंट से हुई। वह उसके किराए के कमरे पर आने जाने लगा। इसी दौरान पास के गांव में रहने वाली पीड़ित की बहन ने उसे अपने घर रहने का ऑफर दिया। इसे पीड़ित ने मान लिया। पीड़ित ने बताया कि उसे कोचिंग इंस्टीट्यूट से शहर से करीब तीन किलोमीटर दूर गांव आने जाने के लिए बाइक की जरूरत थी। उसने इस संबंध अपने साथी स्टूडेंट से बात की। उसके साथी स्टूडेंट ने उसे लोन का काम करने वाले एक व्यक्ति से मिलवाया। पीड़ित के साथी स्टूडेंट ने उसे कहा कि लोन के लिए उसका बैंक खाता खुलवाना जरूरी है। वह इसके लिए पीड़ित को मीरा चौक स्थित बैंक में ले गया। वहां उसका खाता खुलवाया और लोन प्रोसेस करवाने के नाम पर उसकी बैंक पास बुक, एटीएम कार्ड आदि अपने पास रख लिए। बाद में आरोपी साथी स्टूडेंट ने पीड़ित को बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर लोन से जुड़े ओटीपी नहीं आ पा रहे हैं। ऐसे में बैंक खाते में मोबाइल नंबर बदलना होगा। आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल नंबर की जगह अपना बताया एक मोबाइल नंबर पीड़ित के बैंक खाते में अपडेट करवा दिया। इसके बाद आरोपी में इसमें फ्रॉड की राशि का लेनदेन करने लगा। पीड़ित ने बताया कि पिछले दिनों उसे हरियाणा पुलिस से आए फोन कॉल से उसके खाते का दुरुपयोग होने की जानकारी मिली। पुलिस ने उसके खाते से बड़ी राशि का लेनदेन होने की जानकारी दी। इस पर उसे अपने साथ हुए धोखे का पता लगा।

# जैसलमेर में पर्यटन व्यवसायी के शोरूम में जीएसटी की रेड

## बताया जा रहा है कि जीएसटी चोरी की शिकायतों को लेकर टीम सर्वे कर रही है

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर शहर स्थित जैसलमेर आर्ट एंड क्राफ्ट के शोरूम में बुधवार को एसजीएसटी की टीम ने दबिश दी। बताया जा रहा है कि जीएसटी चोरी की शिकायतों को लेकर टीम सर्वे कर रही है।

स्टेट जीएसटी जैसलमेर की सीटीओ पंकज पंवार के नेतृत्व में टीम शोरूम पहुंची और सर्वे की कार्रवाई शुरू की। टीम शोरूम में बिना बिलों के बेचे जा रहे माल की शिकायत पर आई है। टीम बिलों और काग़ज़ों की पड़ताल कर रही है। जांच के दौरान शोरूम के स्टॉफ को अंदर-बाहर नहीं होने दिया गया। गौरतलब है कि सोनार किले की पार्किंग में स्थित जैसलमेर आर्ट एंड क्राफ्ट शोरूम में हैंडीक्राफ्ट के आइटम की बिक्री होती है। पिछले दिनों जैसलमेर में लगी सैलानियों की भीड़ में जैसलमेर में काफी बिजनेस हुआ है। सैलानियों ने जमकर ख़रीदारी की है। शहर के वरिष्ठ नागरीक प्रेमनारायण ने बताया कि पर्यटन व्यवसाय में लगे चांदी के जेवर बेचने वाले सालाना करोड़ों रूपये की जीएसटी की चोरी कर रहे हैं, परन्तु विभाग नींद में सो रहा है।

जानकारी के अनुसार शोरूम में जीएसटी चोरी की शिकायतों को लेकर और जीएसटी बिलो में हेराफेरी को लेकर स्टेट जीएसटी की टीम पहुंची है और सर्वे कार्य देर शाम तक जारी है। शहर में जीएसटी टीम की दबिश को लेकर व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ दिखा।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**
रेल्वे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर - 342001

क्रमांक :-जोविप्रा/2024-25/जोन मुख्यालय/2075 दिनांक : 07.01.2025

**:: ई-निविदा सूचना संख्या -मुख्यालय/36 & 37/2024-25 ::**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था (निविदा सूचना सं. 36/2024-25) तथा प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदक जिनका पंजीयन 2 वर्ष की अवधि में पुनरावलोकन (Review) किया हुआ हो एवं फर्मो (निविदा सूचना सं. 37/2024-25) से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा, शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. :- JOD2425GSOB00309, JOD2425WSOB00308

राज.संवाद/सी/24/10037 अधिशाषी अभियंता



**कार्यालय नगर विकास न्यास, पाली**
जिला कलेक्ट्रेट परिसर, पाली
फोन नं. 02932-223222 ई मेल- uitpali@gmail.com

क्रमांक : न्या.पा./विज्ञापन/2025/2263 दिनांक : 07.01.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-30/2024-25**

नगर विकास न्यास, पाली की और से न्यास/राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यो हेतु ऑन-लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान भी देखी जा सकती है।

| कार्य | यू.बी.एन नम्बर ( sppp.rajasthan.gov.in ) |
|---|---|
| सिविल कार्य | ITP2425WSOB00047 |

राज.संवाद/सी/24/10035 अधिशाषी अभियन्ता



**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**

क्रमांक : नपजा/विकास/2024-25/5526 दिनांक : 02.01.2025

**:: ई-निविदा सूचना 08/2024-25 ::**

यत् नगर परिषद जालोर द्वारा निम्नांकित स्थानों पर सिविल निर्माण व ठोस कचरा प्रबंधन कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार एवं मान्यता प्राप्त यथाः नगर निगम/परिषद/पालिका एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में E-Procurement प्रकिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य एवं ई-निविदाओं के संबंधित विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड व अपलोड एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

| S.N. | Work no. | NIB No. |
|---|---|---|
| 1 | 2 | DLB2425A4713 |

राज.संवाद/सी/24/10024 प्रशासक नगर परिषद, जालोर आयुक्त नगर परिषद, जालोर



**कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
दाहोद रोड, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001
Mo. No. 9413044271 / 8209938201 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in

क्रमांक : एफ( )/कृअके/2024-25/152-156 दिनांक 04.01.2025

**निविदा सूचना (2024-25)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य/कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15.01.2025 दोपहर 1.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक जमा की जाकर अपरान्ह् 2.30 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म बांसवाड़ा पर मक्का बीज उत्पादन कार्यक्रम में कृषि कार्य। | 2,31,400/- | 5000/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान


# भाइयों से मारपीट करने के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शराब के लिए पैसे नहीं देने पर दो भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया था। दोनों बदमाश करीब तीन माह से फरार चल रहे थे। वहीं दोनों पर पांच-पांच हजार का इनाम घोषित था।

कोतवाली थाने के सीआई ने बताया कि साबली निवासी सुनील डोडा ने रिपोर्ट में बताया था कि 12 अक्टूबर 2024 को वह और उसका भाई गलंदर में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता से डूंगरपुर की तरफ आ रहे थे। इस दौरान नवाडेरा के पास अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर उनसे शराब के लिए पैसे मांगे, लेकिन जब उन्होंने पैसे देने से मना किया तो बदमाशों ने दोनों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों भाई जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर वहा से बच निकले थे।

- **शराब के लिए पैसे नहीं देने पर घायल किया था**

पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाशी की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने बोरी गांव निवासी मनीष पुत्र ईश्वरलाल गमेती और रवि पुत्र मोहनलाल आमलिया को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले में दोनों ही आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# घर के बाहर खेल रहे पांच साल के बच्चे का अपहरण

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यहां आर्किटेक्ट के पांच साल के बेटे का किडनैप हो गया। बाइक सवार बदमाश बच्चे को बीच में बैठाकर ले गए। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें बदमाश बच्चे को ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। इसके आधार पर सदर थाना पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। नाकाबंदी भी कराई गई है।

- **बाइक पर आए थे दो बदमाश, दादा के मोबाइल पर बच्चे का फुटेज भेजा**
- **'प्रथमदृष्टया बच्चे का अपहरण किसी परिचित के द्वारा करने की आशंका है'**

जानकारी के अनुसार रामदेव कॉलोनी की गली नंबर 9, 5-ई छोटी निवासी रुद्र (5) बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे दादा के साथ घर के बाहर खेल रहा था। दादा एक मिनट के लिए घर के अंदर गए। इस दौरान बाइक पर दो बदमाश आए और बच्चे को उठाकर बाइक पर ले गए। जब दादा वापस बाहर आए तो रुद्र उन्हें गायब मिला। हड़कंप मचने पर परिजन बाहर आए और पुलिस को इसकी सूचना दी। अपहरण के करीब एक से डेढ़ घंटे बाद बच्चे के दादा भारत भूषण समरसोत (55) के मोबाइल फोन पर एक वीडियो फुटेज प्राप्त हुआ। इसमें बच्चा खेत में मिट्‌टी में खेलता नजर आ रहा है। पुलिस इसी आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

एसपी गौरव यादव ने बताया कि प्रथमदृष्टया बच्चे का अपहरण किसी परिचित के करने की आशंका है। अपहरण के समय आसपास मौजूद लोगों का कहना था कि बच्चे को जिस तरह से दो युवक लेकर गए, उससे ऐसा नहीं लगता है कि वे बच्चे से परिचित नहीं थे। दादा भारतभूषण समरसोत का कहना है कि उनका किसी से कोई बैर नहीं है, न ही किसी ने फिरौती के लिए कॉल किया है। रुद्र के पिता करण समरसोत (30) रामदेव कॉलोनी स्थित घर में ही रुद्र आर्किटेक्ट एंड कंसल्टेंट फर्म चलाते हैं। रुद्र की छोटी बहन कनु छह महीने की है। जब बच्चे का किडनैप हुआ, तब मां प्रियंका (25), पिता करण और छोटी बहन घर के अंदर ही थे।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**

**ई-नीलामी**
जनवरी-II एवं फरवरी-I, 2025
307 भूखण्ड/दुकान/गोदाम

**68 व्यावसायिक भूखण्ड**
34 लोहा मण्डी माचेड़ा फेज-1, जयपुर
01 जस्टिस दौलतमल भण्डारी नगर, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2022/1849
03 वेस्ट वे हाईट्स स्कीम, जयपुर
09 शौर्य नगर स्कीम, जयपुर
03 ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर
04 रियासत रेज़िडेंसी जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2022/2033
01 कृष्णा सरोवर, जयपुर
02 न्यू आतिश मार्केट स्कीम, जयपुर
01 मोजी विहार जयपुर
01 रियासत टाउन ग्रीन स्कीम, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2022/2092
02 लालकोठी स्कीम, जयपुर
04 इंस्टिट्यूशनल स्कीम, ग्राम-देहमीकलां, जयपुर
01 गोल्डन रेजिडेंसी स्कीम, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2023/2595
01 हरित विहार स्कीम, जयपुर
01 वीआरबी पर्ल एन्क्लेव स्कीम, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2022/1799

**156 मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड**
17 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम-खटवाड़ा, जयपुर
12 रिंग रोड ग्राम-सीतारामपुरा योजना, जयपुर
09 रिंग रोड परियोजना ग्राम- अजयराजपुरा, जयपुर
09 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम-अचरावाला, जयपुर
31 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम-मुहाना, जयपुर
13 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम-पीपला, जयपुर
06 रिंग रोड परियोजना ग्राम-श्यामपुरा बुहारिया, जयपुर
21 रिंग रोड परियोजना ग्राम-अभयपुरा, जयपुर
02 रिंग रोड परियोजना, ग्राम-खोड़ी गोकुलपुरा, जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना, ग्राम-सूरजपुरा जयपुर
10 रिंग रोड ग्राम-जयसिंहपुरा बुहारिया योजना, जयपुर
07 रिंग रोड परियोजना ग्राम-चिमनपुरा, जयपुर
03 रिंग रोड परियोजना ग्राम-शिवदासपुरा, जयपुर
04 रिंग रोड परियोजना ग्राम-महापुरा, जयपुर
04 रिंग रोड परियोजना ग्राम -सिरौली, जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना, ग्राम-रातल्या, जयपुर
01 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम कानड़वास, जयपुर
01 रिंग रोड परियोजना ग्राम-मनोहरियावाला, जयपुर
04 मेट्रो एन्क्लेव, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2019/1133

**60 आवासीय भूखण्ड**
02 निलय कुंज फेज-II, जयपुर RERA Reg. No. RAJ/P/2019/937
01 निलय कुंज जयपुर
03 कल्पना नगर, जयपुर
01 ग्राम-हरगुन की नांगल उर्फ चारणवाला तह. सांगानेर योजना, जयपुर
22 शांति नगर, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2023/2517
08 स्वर्ण विहार, जयपुर
02 आनंद विहार योजना, जयपुर
01 पत्रकार कॉलोनी, जयपुर
03 लोहामंडी मचेढा फेज- I, जयपुर
09 रोहिणी नगर-I, जयपुर
01 विद्याधर नगर सेक्टर-9 योजना, जयपुर
05 ग्राम-सवाई गैटोरे तह. सांगानेर, जयपुर
01 ग्राम-सिरसी, जयपुर
01 शौर्य नगर योजना, जयपुर

**03 दुकान**
03 एसएमएस अस्पताल को ट्रॉमा सेंटर जयपुर से जोड़ने के लिए अंडरपास

**01 इंस्टीट्यूशनल**
01 रामचन्द्रपुरा, योजना, जगतपुरा, जयपुर

**06 फार्म हाउस भूखण्ड**
06 गोविंदपुरा रोपड़ा योजना, जयपुर

**04 ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड**
02 ग्रुप हाउसिंग योजना ग्राम-गोनेर, जयपुर
01 हरित विहार योजना, जयपुर
01 मानपुरा टीलावाला योजना, जयपुर

**01 रिसॉर्ट**
01 निलय कुंज फेज-II, जयपुर RERA Reg. No. RAJ/P/2019/937

**01 रेस्टोरेंट/कैफेटेरिया**
01 निलय कुंज फेज-II, जयपुर RERA Reg. No. RAJ/P/2019/937

**02 सर्विस यार्ड (टाईप-ए)**
02 ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड, जयपुर

**02 सर्विस यार्ड (टाईप-बी)**
02 ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड, जयपुर

**03 गोदाम (टाईप-बी)**
03 ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड, जयपुर

भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: +91 9462-569-696
रेरा वेबसाईट: http://rera.rajasthan.gov.in
अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें
नीलामी की नियम व शर्तो के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट
www.jda.rajasthan.gov.in
इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर- 302004
राज.संवाद/सी/24/10044

# सरल प्रावधानों को समाहित कर आमजन को लाभान्वित करें : भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री ने नीतियों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए भी विशेष दिशा-निर्देश दिए

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवा, महिला, किसान एवं गरीब के सर्वांगीण विकास को केन्द्र बिन्दु मानते हुए अधिकारियों को नीति-निर्धारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आकर्षक, सुस्पष्ट एवं सुसंगत नीतियों के निर्माण में नवाचारों को प्राथमिकता से शामिल किया जाए। शर्मा ने नीतियों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए भी विशेष दिशा-निर्देश दिए।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर लम्बित नीतियों, योजनाओं एवं अधिनियमों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार 8 करोड़ प्रदेशवासियों के चहुंमुखी विकास और कल्याण के लिये कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से जनता को सुशासन देना ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर लम्बित नीतियों, योजनाओं एवं अधिनियमों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, शिखर अग्रवाल, कुलदीप रांका, प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।**

- **लम्बित नीतियों, योजनाओं एवं अधिनियमों को लेकर समीक्षा बैठक**
- **'युवा, महिला, किसान एवं गरीब का सर्वांगीण विकास ही हमारी नीतियों का केन्द्र बिन्दु'**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही राजस्थान सहकारिता अधिनियम-2025 लेकर आएगी, जिसमें पारदर्शिता और जवाबदेहिता सुनिश्चित करने वाले प्रावधान जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं से कई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। शर्मा ने सहकारिता बैंक एवं वित्तीय संस्थानों की नियमित ऑडिट करने के संबंध में नए अधिनियम में प्रावधानों को जोड़ने के लिए निर्देशित किया ताकि ये संस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने गृह निर्माण सहकारी समितियों के पंजीकरण के संबंध में भी सुस्पष्ट प्रावधान शामिल करने के लिए निर्देशित किया।

शर्मा ने कहा कि युवाओं का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी क्रम में राज्य सरकार शीघ्र ही युवा नीति लाने जा रही है। उन्होंने खेल एवं युवा मामलात् विभाग के अधिकारियों को इस नीति में युवाओं की आवश्यकताओं एवं आशाओं के दृष्टिगत प्रावधानों को समाहित करने के निर्देश दिए हैं। शर्मा ने कहा कि खेल नीति में खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन देते हुए उन्हें संबल देने के विशेष प्रावधान किए जाएं। नीति के प्रावधान आकर्षक होने के साथ-साथ व्यवहारिक हों। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के दस्तावेज सत्यापन के संबंध में एक नोडल विभाग के निर्धारण के निर्देश भी प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों से संबंधित सभी रिकॉर्ड्स के संधारण करने के लिए भी निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रस्तावित वैट अधिनियम और आबकारी कानून के संदर्भ में अधिकारियों को अन्य राज्यों में लागू कानूनों का अध्ययन करते हुए नवाचारों को समाहित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्टेट स्किल पॉलिसी में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने संबंधी प्रावधान जोड़ने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य युवाओं में कौशल क्षमता का विकास करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना है, इसलिए नीति को रोजगारोन्मुखी बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान कृषि विकास योजना, एग्रो प्रोसेसिंग नीति, लैंड एग्रीगेशन और मोनेटाइजेशन पॉलिसी, इंडस्ट्रियल पॉलिसी, गारमेंट एंड अपैरल पॉलिसी, राजस्थान वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी, डाटा सेंटर पॉलिसी, नई पर्यटन नीति, ट्रांसफर ऑफ इंडस्ट्रियल लैंड्स वैलिडेशन एक्ट एवं राजस्थान कोचिंग सेंटर कंट्रोल एंड रेगुलेशन बिल पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# राइजिंग राजस्थान में किये 350 करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर

- **तीन कम्पनियां राज्य में करेंगी 350 करोड़ रुपये का निवेश**

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में निष्पादित किए गए एमओयू एक के बाद एक धरातल पर उतर रहे हैं। रीको द्वारा तीन और कम्पनियों इंडियन एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड, सनकाइंड फोटोवॉल्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड और स्टेनवैक (सुपेरॉन ग्रुप) को औद्योगिक इकाई लगाने कें लिए भूखण्ड आवंटित कर दिए गए हैं। इनमें इंडियनेक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड को भीलवाड़ा जिले के उखलिया सनकाइंड फोटोवॉल्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखण्ड औद्योगिक क्षेत्र, सनकाइंड फोटोवॉल्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड को माथासुला औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर एवं स्टेनवैक को सालरपुर औद्योगिक क्षेत्र, भिवाड़ी में भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दौरान इन तीनों कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश करने में रूचि दिखाते हुए राज्य सरकार के साथ एमओयू किए थे। एमओयू के पश्चात् रीको ने भूमि आवटंन से लेकर परियोजना की शुरूआत तक, सभी प्रक्रियाओं को कम्पनियों के लिए बहुत आसान बनाया। भूखण्ड उपलब्ध होने के पश्चात् कम्पनियों द्वारा जल्द ही औद्योगिक इकाई के परिचालन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इंडियनेक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड (ऑस्ट्रेलियाई बहुराष्ट्रीय कम्पनी की भारतीय सहायक कंपनी) को वेदांता की खदानों के पास ही भूमि की आवश्यकता होने के कारण भीलवाड़ा जिले के उखलिया औद्योगिक क्षेत्र में भूखण्ड आवंटन किया गया हैं।

इंडियनेक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड 50 करोड़ रुपये के चरणबद्ध निवेश व 10 एकड़ भूमि पर अपनी परिचालन प्रक्रिया शुरू करके रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगी जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान होगा। इस नई इकाई का लक्ष्य राजस्थान में नॉइज टैक्नोलॉजी पर आधारित प्लांट के निर्माण पर होगा। यह तकनीक विशेष रूप से खनन सहित कई औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक है। कम्पनी विस्फोटकों, ब्लास्टिंग सिस्टम, खनन रसायनों और भू-तकनीकी निगरानी समाधानों की विश्व में अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता है। ग्रीन टेक सेक्टर की कंपनी सनकाइंड फोटोवॉल्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड माथासुला औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में 10 एकड़ भूमि पर 200 कराडे का निवेश करने के साथ लगभग 800 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। राजस्थान में शुरू होने जा रही कम्पनी की यह नई इकाई भारत के साल 2030 तक 500 गीगावॉट के रिन्यूबलेनर्जी कैपेसिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगी।

रीको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में कई बड़ी कम्पनियों ने राजस्थान में अपनी औ द्योगिक इकाई लगाने के लिए एमओयू किए जो उनका राज्य सरकार एवं यहां की औद्योगिक नीतियों के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है। इसी विश्वास पर खरा उतरने के लिए रीको प्रयासरत है। हाल ही रीको ने इंजीनियरिंग, ग्रीन टेक सेक्टर एवं खनन क्षेत्र की तीन अग्रणी कम्पनियों को भूखण्ड आवंटित किए हैं। ये तीनों क्षेत्र ही ऐसे हैं जो राज्य ही नहीं देश के आर्थिक विकास के लिए भी मजबूत स्तम्भ साबित हो रहे हैं। जिन कम्पनियों ने एमओयू किए हैं, उन्हें भू खण्ड आवंटन हेतु रीको कटिबद्ध है।

# सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति की नीतियां कोर्ट में पेश करें : हाईकोर्ट

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार और कई सरकारी कॉर्पोरेशन जैसे रीको व रोडवेज तथा स्वायत्तशाषी संस्थाओं में पैनल लॉयर व सरकारी अधिवक्ता नियुक्त किये जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में न्यायाधीश समीर जैन ने 17 जनवरी 2023 को आदेश दिए थे कि राज्य व केन्द्र सरकार अधिवक्ताओं की नियुक्ति से पहले अपनी-अपनी नीतियां कोर्ट के समक्ष पेश करें, क्योंकि याचिकाकर्ता शेख बाबरूद्दीन की याचिका में कहा गया था कि राजनैतिक हितों को देखते हुए अधिवक्ताओं की नियुक्ति की जाती है। इसमें योग्यता को देखते हुए कोई मैरिट व्यवस्था नहीं है।

इस मामले में न्यायाधीश समीर जैन ने अधिवक्ता शशांक अग्रवाल को नाम लेकर घोषित किया था और राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष महेन्द्र शांडिल्य को भी अदालत की सहायता के लिए कहा था। बुधवार को सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसीटर जनरल व वरिष्ठ अधिवक्ता आर.डी.रस्तोगी तथा राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद पैरवी के लिए पेश हुए थे। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार अपनी नियुक्ति नीति जल्द ही अदालत में पेश कर देगी, परंतु कॉर्पोरेशन व स्वायत्तशाषी संस्थाओं की ओर से इस बारे में जवाब उन्हीं को देना पड़ेगा, क्योंकि यह संस्थाएं सीधे तौर पर सरकार के अधीन नहीं आती है। इस पर अदालत ने इस प्रकरण की सुनवाई चार सप्ताह बाद तय करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार को जवाब पेश करने को कहा है।

## सादगी से मनाया जायेगा वासुदेव देवनानी का जन्मदिन

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के जन्म दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर चार दिवसीय कार्यक्रम होंगे। देवनानी का जन्मदिन जयपुर और अजमेर में 9 से 12 जनवरी तक मनाया जायेगा। इस मौके पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रम सनातन संस्कृति के अनुरूप सादगी के साथ वैदिक परम्पराओं से आयोजित होंगे। हवन, पूजा, सुन्दरकाण्ड, आरती, कम्बल वितरण, गौ सेवा, मानव सेवा, अजमेर के जे.एल.एन अस्पताल को ट्रोली व व्हील चेयर वितरण और रक्तदान सहित अनेक कार्यक्रम इस दौरान आयोजित किये जाएंगे। देवनानी का जन्म दिवस 11 जनवरी को है। विधानसभाध्यक्ष के जन्मदिवस की वर्षगांठ पर 9 जनवरी को विधानसभा परिसर में स्थित श्रीविधानेश्वर शिव मंदिर में भक्तिभाव के साथ पवित्र सुन्दरकांड का संगीतमय पाठ का आयोजन विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा।

# अनुसंधान अधिकारियों व थानाधिकारी के खिलाफ आपराधिक अभियोजन की कार्रवाई करे डी.सी.पी.

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर प्रथम ने स्कूली छात्राओं के एआई तकनीक से न्यूड फोटो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करने से जुडे मामले में चार किशोर आरोपियों को सशर्त जमानत पर रिहा करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में संदेहपूर्ण अनुसंधान करने पर मानसरोवर थाने के थानाधिकारी व प्रकरण में अब तक रहे अनुसंधान अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक अभियोजन और अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए डीसीपी दक्षिण को आदेश की कॉपी भेजी है।

पीठासीन अधिकारी तिरुपति कुमार गुप्ता ने अपने आदेश में कहा कि अनुसंधान अधिकारी ने दो अन्य आरोपियों के लिए अज्ञात कारणों से अलग पैमाना अपनाया है, जबकि चैट में इन दोनों ने भी अत्यंत भद्दी भाषा में न्यूड फोटोग्राफ की मांग की है और ग्रुप की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग किया है। अदालत ने कहा कि 3 फरवरी, 2024 को एफआईआर दर्ज होने के करीब आठ माह बाद पीड़िता के धारा 161 के बयान और करीब दस माह बाद धारा 164 के बयान कराए, जबकि कानूनी प्रावधान है कि घटना के तुरंत बाद ही बयान दर्ज हो जाने चाहिए थे। ऐसा नहीं करना भी आईपीसी की धारा 166ए के तहत दंडनीय है। इसके अलावा एफआईआर के दिन पीडिता की उम्र की जानकारी मिलने के बाद भी दस माह तक पॉक्सो की धाराए नहीं लगाई। ऐसा करना भी पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध है।

अपील में अधिवक्ता प्रियंका पारीक ने अदालत को बताया की अपीलार्थी किशोर 14 दिसंबर, 2024 से अभिरक्षा में है। उन्हें अपने किए पर पश्चाताप भी है। उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इसके अलावा आईओ ने दो अन्य किशोरों को मामले में गवाह बना दिया, जबकि पीडित पक्ष ने उनका भी मामले में अलग-अलग रोल बता दिया गया था। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर ग्रुप बनाया और एआई तकनीक से दो छात्राओं के न्यूड फोटो अपलोड किया। वहीं आरोपियों ने उस पर भद्दे कमेंट भी किए। इन्हें जमानत पर छोडा तो ये स्कूल का माहौल खराब करेंगे।

## छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में द्विदिवसीय राज्य स्तरीय चयन स्पर्धाओं का आयोजन 7 एवं 8 जनवरी को किया गया आगामी मार्च माह में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय शास्त्रीय चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए योग्य प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर पर किया जाता है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रत्येक राज्य के स्तर पर पहले प्रतियोगिता आयोजित होती है।

# जेडीए प्रशासन कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई करें : हाईकोर्ट

- **केसरगढ़ भवन और जे.डी.ए. के बीच वर्ष 2002 से लंबित विवाद पर सुनवाई हुई**

**जयपुर।** झालाना डूंगरी स्थित केसरगढ़ भवन और जयपुर विकास प्राधिकरण के बीच वर्ष 2002 से चल रहे विवाद में बुधवार को राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने कहा कि जे.डी.ए. प्रशासन इस प्रॉपर्टी पर कानून के दायरे से बाहर जाकर कोई कार्रवाई नहीं कर सकता। इसके लिए भवन मालिक को बाकायदा नोटिस जारी कर अन्य विधिक कार्रवाई पूरी की जाये।

गौरतलब है कि 25 फरवरी 2001 को नगर निगम के तत्कालीन अफसरों ने केसरगढ़ भवन के मालिक ठाकुर रघुनाथ सिंह को नोटिस जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि केसरगढ़ में कई दुकानों का निर्माण कराया गया है, परंतु बिल्डिंग बायलॉज के मुताबिक तय सेटबैक नहीं छोड़ा गया। इस मामले में वर्ष 2001 में ही याचिकाकर्ता ने नगर निगम द्वारा किसी भी तरह की ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर अंतरिम रोक के आदेश अदालत से प्राप्त कर लिए थे। इसके बाद अदालत ने वर्ष 12 जून 2001 को स्टे ऑर्डर जारी किया था। इसके बावजूद वर्ष 12-जून 2002 को करीब 1 साल बाद जेडीए के कुछ अधिकारी इस इमारत पर कार्रवाई करने पहुंच गए थे। जेडीए प्रशासन की इस मनमानी के विरोध में याचिकाकर्ता ने राज्य सरकार को भी पत्र लिखा और राजस्थाना हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर वर्ष 2002 से ही यथास्थिति बनाये रखने के आदेश थे।

इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट में बुधवार को पुनः सुनवाई हुई, परंतु जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने जे.डी.ए. प्रशासन को कोई राहत नहीं दी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि, झालाना डूंगरी स्थित केसरगढ़ भवन पर जे.डी.ए. प्रशासन कानून के दायरे से बाहर जाकर कोई कार्रवाई नहीं कर सकता। इसके लिए भवन मालिक को बाकायदा नोटिस जारी कर अन्य विधिक कार्रवाई पूरी की जाये।

## 'नौनिहालों की नींव मज़बूत करने के लिए आंगनबाड़ी महत्वपूर्ण'

**जयपुर।** धात्री महिलाओं तथा 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए सही पोषण सुनिश्चित करने, टीकाकरण, शाला-पूर्व शिक्षा जैसे अत्यन्त महत्वपूर्ण सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में प्रदेश की क़रीब 62000 आँगनबाड़ियों द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन-सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास, को पूरा करने के लिए जरुरी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और यही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए अब हम नवीनतम तकनीक, सॉफ्टवेयर तथा सरलीकृत प्रक्रियाओं को भी अपना रहे हैं।

# मजदूर की हत्या करने वाला बदमाश कर्नाटक से गिरफ्तार

- **बगरू थाना पुलिस ने करीब 2 हजार कि.मी. तक पीछा करके आरोपी को दबोचा**

**जयपुर** (कासं)। बगरू थाना पुलिस ने मजदूरी के रुपए मांगने पर मजदूर की हत्या करने आरोपित को दो हजार किलोमीटर पीछा कर कर्नाटक से गिरफ्तार कर जयपुर लाई है। आरोपी ने एक मजदूर के साथ इतनी मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने मजदूरी के रुपए मांगने पर मजदूर की हत्या करने आरोपित रामजीत सहनी निवासी श्यामपुर भटहा जिला शिवहर बिहार को कर्नाटक से गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी मोतीलाल शर्मा ने बताया कि तीन नवम्बर 2024 को बगरू थाना इलाके क्षेत्र में काम करने वाले एक मजदूर के साथ मारपीट की गई थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और जिसका इलाज के बाद घायल मजदूर को उसके साथी एम्बुलेंस से गांव लेकर जा रहे थे तो रास्ते में मजदूर की मौत हो गई।



गिरफ्तार आरोपी रामजीत सहनी

इस पर मृतक के साथी शव लेकर उसके गांव बिहार चले गए। मृतक के परिजनों ने पिपराही थाना जिला शिवहर बिहार में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामाल दर्ज करवाया। जहां जानकारी मिलने पर पुलिस ने अपने स्तर पर घटना की जांच करना शुरू कर दिया और सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरा चौक कर घटना की जानकारी ली गई।

पुलिस थाना पिपराही जिला शिवहर बिहार से जयपुर पुलिस को जीरो एफआईआर में पीड़ित ने बताया कि उसके पुत्र रम्भु साह उर्फ झब्बू साह को उसके गांव के रामजी साहनी व अन्य लोग बगरु में अच्छा काम दिलाने के बहाने से बगरू लेकर आये तथा मजदूरी करवाई। मृतक के मजदूरी के रुपए मांगने पर शराब पीकर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसकी मौत हो गई। घायल को जब बिहार ले जाया जा रहा था, उस दौरान उसकी मौत हो गई । जिस पर रामजी साहनी व अन्य लोग रास्ते से उतर कर भाग गए। पुलिस ने आरोपी के सभी रिश्तेदारों एवं ठिकानों पर गोपनीय पुलिस टीम की अलग-अलग टीमों का गठन कर रेकी कराई। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से तकनीकी आधार पर गोपनीय रूप से आरोपित का पीछा करते हुए आरोपी के समस्त ठिकानों पर रैकी की। पुलिस टीम को सूचना मिली की आरोपी दिल्ली में है। जिस पर एक टीम दिल्ली भेजी गई। टीम के दिल्ली पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी का पीछा करना शुरू किया, जिस पर पुलिस दो हजार किलोमीटर का सफर कर के बदमाश को कर्नाटक में पकड़ा।

# राजस्थान विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान किया

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के "79वें स्थापना दिवस" पर विश्वविद्यालय से अध्ययन कर राजकीय एवं ख्यातनाम संस्थाओं में विभिन्न पदों पर चयनित विद्यार्थियों तथा देश-विदेश एवं समाज में विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशिष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह मानविकी पीठ समागार में आयोजित किया।

समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव वी. श्रीनिवास एवं विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्त डॉ. गौरी शंकर गुप्ता, पूर्व एम्बेसेडर एवं हाई कमिश्नर ऑफ इण्डिया रहे।



**राजस्थान विश्वविद्यालय के "79वें स्थापना दिवस" पर मानविकी पीठ समागार में मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव वी. श्रीनिवास एवं विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्त डॉ. गौरी शंकर गुप्ता, पूर्व एम्बेसेडर एवं हाई कमिश्नर ऑफ इण्डिया ने प्रतिभाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर कुलपति अल्पना कटेजा मौजूद थी।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.अल्पना कटेजा ने सभी अतिथियों का स्वागत कियोवं सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों हेतु शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद है, जिनमें अद्भुत उपलब्धियाँ प्राप्त करने की अपार क्षमता एवं सम्भावनाएँ विद्यमान हैं।

समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं, संगीत, एवं नाट्य क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित करने एवं वैज्ञानिक, न्यायिक व प्रशासनिक सेवाओं में चयनित कुल 150 प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया। जिनमें विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट्स विभाग की छात्रा अनुया प्रसाद को जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिपॅव में स्वर्ण पदक प्राप्त करने, गणित विभाग के 2 विद्यार्थियों का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में तथा भौतिकशास्त्र विभाग के 2 विद्यार्थियों का भाभोटॉनोमिक रिसर्च सेन्टर में वैज्ञानिक के रूप में चयन होने, वाणिज्य संकाय की निकिता टंकर को चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट की ऑल इण्डिया परीक्षा में बीसवीं रैंक अर्जित करने, ललित कला संकाय के 2 विद्यार्थियों नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में चयन होने तथा राज्य स्तर पर आर.जे.एस. परीक्षा में द्वितीय रैंक के साथ यहाँ के 35 विद्यार्थियों का न्यायिक सेवा में व 15 विद्यार्थियों का सांख्यिकी सेवाओं में और ऐसे ही अनेक विद्यार्थियों का राज्य प्रशासनिक सेवाओं में चयन होने पर उनकी विशिष्ट उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया।

## 'राजस्थान में 713 मतदान केन्द्र बढ़े'

**जयपुर ।** राजस्थान में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम-2025 के तहत मतदाता सूचियों में नए नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन प्रक्रिया के दौरान बीते कुछ माह के दौरान बड़ी संख्या में नए लोगों और विशेषकर महिलाओं को पहली बार मतदाताओं के रूप में पंजीकृत किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने एसएसआर-2025 के तहत प्रदेश के सभी 200 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रकाशित अंतिम एकीकृत मतदाता सूचियों के विषय में राजस्थान में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सूचियों के अनुसार, राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या में 10 लाख 89 हजार 723 की वृद्धि के साथ ही मतदान केन्द्रों की संख्या भी बढ़ गई है। मतदाताओं की संख्या बढ़ने के क्रम में निर्वाचन विभाग ने प्रदेश में मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन किया है। अब प्रदेश में कुल मतदान केन्द्र 52,469 हो गए हैं।

# राजस्थान में 21 दिन चलेगा ''दूध का दूध-पानी का पानी'' अभियान

**जयपुर ।** आम उपभोक्ताओं को दूध और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिये राजस्थान को-ऑपरटिव डेयरी फैडरेशन द्वारा राज्यभर में "दूध का दूध-पानी का पानी" अभियान चलाया जायेगा। अभियान की शुरुआत 10 जनवरी से होगी, जो 21 दिन यानि 30 जनवरी तक चलाया जायेगा। इस दौरान राज्यभर की सरस डेयरियों द्वारा उनके कार्यक्षेत्र में लगाये जाने वाले जांच शिविरों में उपभोक्ताओं को दूध की ऑन द स्पॉट जांच कर हाथों हाथ प्राथमिक जांच परिणाम भी बता दिये जायेंगे।



राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि ऐसा पहली बार होगा कि राज्यभर में आरसीडीएफ से सम्बद्ध सभी सरस डेयरियों में एकसाथ दूध का दूध, पानी का पानी अभियान के अन्तर्गत आम उपभोक्ताओं द्वारा लाये गये दूध के सैम्पल्स की निःशुल्क जांच कर उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में जांच परिणाम से अवगत कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अभियान की अवधि के दौरान राज्यभर की सरस डेयरियों में उनके द्वारा उपयोग में लाये जा रहे दूध अथवा दूध से बने अन्य उत्पादों के सैम्पल निःशुल्क जांच हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में दे सकते हैं। उपभोक्ता जांच हेतु खुला दूध अथवा किसी भी ब्राण्ड का दूध दे सकते हैं। समबद्ध जिला दुग्ध संघ की गुणवत्ता नियन्त्रण प्रयोगशाला द्वारा विभिन्न मानकों पर सैम्पल्स की निःशुल्क जांच कर उपभोक्ताओं को दी गई निर्धारित समयावधि में जांच परिणाम से अवगत कराया जायेगा। जांच प्रक्रिया के दौरान दूध में मौजूद पानी की मात्रा, मिलावट और उपलब्ध पोषक तत्वों की जांच की जावेगी।

## सार-समाचार

### होम्योपैथी चिकित्सा शिविर संपन्न

**जोधपुर**, (कासं)।आयुर्वेद वि.वि. द्वारा श्री शिवराम नत्थुजी टाक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूंजला जोधपुर में निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर के विशेषज्ञ शिक्षक-चिकित्सकों की टीम द्वारा बुधवार को श्री शिवराम नत्थुजी टाक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पूँजला, जोधपुर में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थीयों के लिए निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। होम्योपैथी चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. गौरव नागर एवं शिविर प्रभारी डॉ. राजेश कुमार कुमावत के निर्देशानुसार होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. अंकिता आचार्य, डॉ. राकेश कुमार मीना एवं तृतीय वर्ष छात्र मोहन लाल व कृष्ण कुमावत ने अपनी सेवाएँ दी। इस शिविर में 81 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियां देकर लाभान्वित किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियां, खांसी, जुखाम, बुखार गले एवं कान में दर्द एवं भूख न लगना, मुंह में छाले, पेट में कीड़े, एवं उल्टी दस्त, चर्म रोग, नाक से खून बहना, रक्त की कमी जैसे बीमारियॉ की जानकारी एवं दवाईयॉ देकर लाभान्वित किया गया।

### उधारी मांगने पर व्यापारी को पीटा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में एक युवक से उधारी के रुपए मांगने गए व्यापारी को युवक ने सरिए से पीट दिया। घायल हालत में उसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार पाली शहर के शिवाजी नगर में रहने वाले 26 साल के सब्जी मंडी व्यापारी महेंद्र पुत्र थानाराम मेघवाल ने अपने परिचित मोतीसिंह में 20 हजार रुपए पिछले एक साल से मांग रहा था। हर बार उसे रुपए देने का सिर्फ आश्वासन ही मिला। बुधवार को जब वह प्रताप नगर में मोतीसिंह से रुपए मांगने गया। आरोप है कि गुस्से में मोतीसिंह ने उस पर सरिए से हमला कर दिया। जिससे उसके पैरों में और सिर में चोट लगी। इलाज के लिए उसे परिजन पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर आए। जहां उसकी आंख के ऊपर हो रखे घाव पर डॉक्टर ने तीन टांके लगाए। घायल महेंद्र ने बताया कि करीब एक साल पहले उसने मोतीसिंह से तीन हाथ ठेले 20 हजार रुपए में खरीदे थे। बाद में पता चला कि वे ठेले चोरी के है। जिसे पुलिस ले गई। मोतीसिंह से रुपए मांगें तो उसने दो महीने में लौटाने का बोला था लेकिन एक साल के करीब हो गया रुपए नहीं दिए। आज मांगने गया तो मारपीट की।

### इंजन खराब होने से अटकी मालगाड़ी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर रेल मंडल के लोहावट-हरलाया रेलवे स्टेशन के बीच लोहावट की तरफ से आ रही मालगाड़ी के इंजन में बुधवार सुबह तकनीकी खराबी आ गई। ऐसे में साबरमती-जैसलमेर सुपरफास्ट ट्रेन को हरलाया स्टेशन पर खड़ा करना पड़ा। जानकारी अनुसार लोहावट की तरफ से आ रही मालगाड़ी के इंजन में तकनीकी खराबी आ जाने से वह लोहावट-हरलाया रेलवे स्टेशन के बीच खड़ी रही। रेलवे विभाग ने तत्काल ही साबरमती सुपरफास्ट ट्रेन के इंजन को अलग किया और ट्रेक पर अटकी मालगाड़ी को वापस लाने के लिए रवाना किया। ऐसे में करीब दो घंटे बाद सुपरफास्ट ट्रेन के इंजन की मदद से मालगाड़ी को हरलाया रेलवे स्टेशन पर लाया गया। मालगाड़ी के रेलवे स्टेशन पर आने के बाद साबरमती सुपरफास्ट ट्रेन को जैसलमेर के लिए रवाना किया गया। इस दौरान करीब दो घंटे तक रेलवे स्टेशन पर यात्री परेशान होते रहे। वहीं जिन यात्रियों को नजदीकी रेलवे स्टेशनों पर उतरना था, वे सभी अपने गंतव्य तक बस से रवाना हो गए।

### बस की टक्कर से मजदूर का सिर फटा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में बुधवार सुबह पैदल जा रहे मजदूर को बस ड्राइवर ने टक्कर मार दी। हादसे में सिर फटने से 45 वर्षीय मजदूर गंभीर घायल हो गया जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। पाली शहर के जोधपुर रोड भटवाड़ा के निकट स्थित जलदाय विभाग की टंकी के पास हाईवे पर सुबह करीब सवा आठ बजे जा रहे एक बस ने पैदल जा रहे मजदूर को चपेट में ले लिया। हादसे में मध्यप्रदेश के रूघनाथपुर शिवपुरी हाल पाली के हाऊसिंग बोर्ड निवासी 45 साल का सुखदयाल पुत्र भंवरूलाल घायल हो गया, जिसका सिर फट गया और हाथ-पैर में भी चोटे आईं। साथी मजदूर इलाज के लिए उस तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार जारी है। साथी मजदूर महेंद्र ने बताया कि शहर में बिछाई जा रही गैस पाइप लाइन में सुखदयाल मजदूरी का काम करता है। किसी काम से वह सुबह पैदल जाने के दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस बस ड्राइवर की तलाश में जुटी है।

### पेड़ काटने पर वार्ड पंचों ने ज्ञापन दिया

**रेवदर**, (निसं)। ग्राम पंचायत रेवदर के वार्ड पंचों ने पंचायत भवन में पचास साल से खडे विशालकाय हरे पेड़ को रविवार को अवकाश का लाभ उठाकर ग्राम पंचायत द्वारा रात्रि में कटवाकर नियमविरुद्ध बेचने को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौप जांच और कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि पंचायत द्वारा नियम विरुद्ध हरे पेड को काटा गया और बिना प्रस्ताव बिना नीलामी बेचकर अनुचित लाभ प्राप्त किया इस तरीके हरे पेडो को काटना नियम विरुद्ध है, जांच को लेकर वार्ड पंच और जनप्रतिनिधियों ने उपखंड अधिकारी और विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर गणेश ग्राम सोसायटी के अध्यक्ष, वार्डपंच प्रतिनिधि हरिसिंह देवडा, उपसरपंच प्रकाश घांची, वार्ड पंच रमेश कोली, मफत कोली, रेवाराम मेघवाल, वार्ड पंच गोदाराम चौधरी, बलवंत मेघवाल उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को यातायात नियम बताए

**भीनमाल**, (निसं)। ग्राम जुंजाणी के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा माह को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया कि सडक सुरक्षा माह के तहत विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमों की पालना करने की शपथ दिलाई। व्याख्याता उत्तम राज आचार्य ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इससे पहले सडक सुरक्षा जागरूकता को लेकर विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली को प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उप प्राचार्य राजेश कुमार, मोहब्बत सिंह राव, प्रेम प्रकाश, अशोक कुमार, उत्तम सिंह राव, रायमल राम, सुशीला, विमला बिश्नोई, रेणु जीनगर, दीपिका चौधरी, प्रियंका विश्नोई, पवन व्यास, रेवत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सांवलाराम सेन सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

### 153 बालिकाओं को साइकिलें दी

**भीनमाल**, (निसं)। स्थानीय राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में राज्य सरकार द्वारा नवम कक्षा में अध्ययन रत 153 बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले। विद्यालय के प्रधानाचार्य तेजाराम बिश्नोई ने बताया कि बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो और समय की बचत हो इसलिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन रूप में अध्ययनरत छात्राओं को साईकिल प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य जगदीश कुमार, व्याख्याता अमृतलाल, नरेश कुमार,जय, नारायण प्रसाद, मंजुला गोस्वामी, कमल यादव, प्रतिभा भोजक, सांवलाराम, दलपत सिंह, दिलीप सिंह, शैलेश, अजमल, इंदिरा सहित स्टाफ व अभिभावक गण मौजूद रहे।

### प्रकाश मेघवाल ने कानून मंत्री से चर्चा की

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा प्रकाश मेघवाल रेवदर ने दिल्ली में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से मुलाकात कर क्षेत्र में सुविधाओ के विस्तार को लेकर लिखित रूप से ज्ञापन दिया। ज्ञापन में क्षेत्रीय अतिसंवेदनशील मुद्दे बढती सडक दुर्घटनाओं को लेकर चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओ के विस्तार और बायपास के जल्द से जल्द निर्माण की मांग को कानून मंत्री के सामने रखकर समस्या समाधान की मांग की, प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल लगातार सरकार के उच्च स्तर पर इस विषय को लेकर अवगत करवा रहे है।

### मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी दी

**पोकरण**, (कासं)। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत कैलाष शर्मा जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बुधवार को 87 बटालियन बी.एस.एफ पोकरण में प्रोजेक्टर के माध्यम से सडक सुरक्षा व मोटर वाहन नियमों की जानकारी दी गई। जिसमें बी.एस.एफ में एम.टी सेक्शन के कार्मिक व अधिकारियों सहित कई जनों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा प्रश्नोन्तरी में उत्तम चरण बोहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें हेलमेट देकर पुरस्कृत किया गया।

# पश्चिमी राज. उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 का शुभारंभ आज

**जोधपुर**, (कासं)। लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रान्त, जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जोधपुर एवं उद्यम प्रोत्साहन संस्थान प्रोत्साहन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 34 वां पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 का शुभारंभ गुरुवार को रामलीला मैदान में होगा।




लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य संयोजक घनश्याम ओझा, मेला समन्वयक महावीर चोपड़ा, शहर विधायक अतुल भंसाली ने 34 वें पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव की जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

शाम चार बजे आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल व उद्योग राज्यमंत्री केके विश्नोई मौजूद रहेंगे।राइजिंग राजस्थान की थीम पर आधारित यह उत्सव अपने आप में अनेक खूबियां लिए हुए होगा।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य संयोजक घनश्याम ओझा और मेला समन्वयक महावीर चोपड़ा ने बताया कि इस बार मेले में कुल 15 अलग-अलग डोम बनाए गए हैं और लगभग 714 स्टॉल्स तैयार की गई है। मेले में अलग-अलग साइज की स्टॉल्स तैयार की गई है।

शहर विधायक अतुल भंसाली ने बताया कि यह वर्ष सरदार पटेल वल्लभभाई पटेल का 150 जयंती वर्ष है और केंद्र सरकार ने दो वर्ष तक जन्म शताब्दी महोत्सव बनाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में देश को एक और अखंड बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की तीस फीट की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही भारतीय सभ्यता और संस्कृति से ओतप्रोत इस मेले में आने वाले लाखों लोगों के लिए बीस फुट की विशेष शिव प्रतिमा भी सेंट्रल पंडाल के बाहर लगाई जा रही है। यह प्रतिमा हर किसी का ध्यान अपनी और आकर्षित करेगी और मेले में आने वाले लोगों के लिए एक बेहतर सेल्फी पॉइंट भी होगा।

मेले में इस बार सबसे बड़ा आकर्षण अंडरवाटर भगवान कृष्ण की नगरी द्वारका होगी। भेंट द्वारका थीम पर 80 गुणा 170 का विशेष डोम तैयार करवाया गया है।

इस डोम में भेंट द्वारिका के मार्ग की ही तरह सुरंग तैयार की गई और उसमे भेंट द्वारकाधीश का मंदिर भी बनाया गया है। इस टनल में प्रवेश करने के साथ ही हर किसी को यह एहसास होगा कि वह भेंट द्वारका की ही यात्रा कर रहा है और इस टनल में समुद्री जीव, वनस्पतियों का भी जीवंत प्रदर्शन होगा।

मेले के दौरान 10 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो से शाम पांच बजे के बीच महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह सभी प्रतियोगिताएं भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत होगी और प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को मेला आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। आम जन के आकर्षण के लिए प्रतिदिन शाम 7.30 से रात दस बजे तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा। वहीं मेले में आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था की गई है।

# भाई से मिलने आया युवक सड़क हादसे में घायल

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में अपने भाई से मिलने आया एक 36 साल के एक युवक की बाइक पत्थर से टकराकर असंतुलित हो गई। हादसे में युवक सिर के बल नीचे गिरा। जिससे उसका सिर फट गया। उपचार के लिए उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया।

रामदेव रोड चौकीप्रभारी सूजाराम ने बताया कि हादसा पाली शहर के हाऊसिंग बोर्ड से खेतलाजी की प्याऊ की ओर आने वाले रास्ते पर बुधवार शाम करीब चार बजे हुआ। पत्थर से टकराकर बाइक स्लीप हो गई। जिससे बाइक सवार पाली जिले के एसएस फार्म (मंडली दर्जीयान) निवासी 36 वर्षीय पप्पूराम पुत्र शंकरलाल बावरी और उसका 7 साल का भतीजा नीचे गिर गए। इस हादसे में पप्पूराम सिर के बल नीचे गिरा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया।

घायल के परिजनों ने बतायाकि पप्पूराम पाली शहर के सरस्वती स्कूल पर एक निर्माणाधीन मकान पर रखवाली करने वाले अपने भाई के परिवार से मिलने आया था। जो वापस बाइक लेकर एसएस फार्म मंडली दर्जीयान अपने 7 साल के भतीजे पारस को लेकर जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में मासूम को किसी तरह की गंभीर चोट नहीं आई।

# नर्सिंगकर्मियों ने मानदेय के लिए प्रदर्शन किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में लगे 180 नर्सिंग स्टूडेंट का तीन साल की ट्रेनिंग पूरी होने को आई है लेकिन सरकार की ओर से दिया जाने वाला वार्षिक मानदेय उन्हें अभी तक नहीं दिया गया। इससे नाराज होकर नर्सिंग स्टूडेंट बुधवार सुबह बांगड़ हॉस्पिटल परिसर में एकत्रित हुए और नारेबाजी की। उसके बाद नर्सिंग अधीक्षक मांगीलाल मेंशन को अपनी मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे लेकिन उन्होंने ज्ञापन नहीं लिया।

ऐसे में सभी नर्सिंग स्टूडेंट नारेबाजी करते हुए पैदल रैली के रूप में कलेक्ट्रेट गए और वहां जिला कलेक्टर एलएन मंत्री को अपनी समस्या बताते हुए समाधान की मांग की। उसके बाद वापस बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टूडेंट मौजूद रहे।

### कई बार बोला, नहीं मिला वार्षिक मानदेय

फाइनल ईयर स्टूडेंट हेमंत गहलोत बताया कि गर्ल्स नर्सिंगकर्मी को 28 हजार और बॉय नर्सिंगकर्मी को 21 हजार रुपए वार्षिक मानदेय देने का नियम है। लेकिन उनके तीन साल की ट्रेनिंग पूरी होने को आई लेकिन अभी तक उन्हें यह मानदेय नहीं मिला। हमसे पहले दो बैंच के 80 स्टूडेंट का भी मानदेय अभी तक बकाया है। इसलिए आज बकाया मानेदय दिलाने की मांग को लेकर विरोध जता रहे है।

### तीन दिन तक काली पट्टी बांध करेंगे ड्यूटी

नर्सिंग स्टूडेंट हरियाली ने बताया कि विरोध स्वरूप सभ नर्सिंगकर्मी हाथ पर काली पट्टी बांधकर अगले तीन दिन तक शांतिपूर्ण ड्यूटी करेंगे उसके बाद भी उनकी मांग को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो आगे की रणनीति बनाएंगे।

मामले में हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. एचएम चौधरी ने बताया कि नर्सिंक स्टूडेंट के वार्षिक मानेदय का बकाया बिल साइन करके ट्रेजडी ऑफिस भेज दिया है। जल्द ही उन्हें वार्षिक मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा।

# जालोर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के कलेंडर का विमोचन



जालोर सेन्ट्रल को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड के कलेंडर का विमोचन जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गांवडे ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर सेन्ट्रल को-ऑपरेटि बैंक जालोर की विविध ऋण योजनाओं का व्यापक प्रसार-प्रसार करने, बैंक के अमानत धारकों, व्यवसायियों, ग्राहकों एवं जन साधारण को बैंक के प्रति आकर्षित कर बैंक अमानतो में वृद्धि करने एवं बैंक के व्यवसाय में विकासोन्मुख कार्ययोजना अनुरूप वृद्धि कर प्रगति करने के लिए बैंक द्वारा मुद्रित करवाए गए वर्ष-2025 के कैलेण्डर का विमोचन बैंक के प्रशासक एवं कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरिया, बैंक प्रबन्ध निदेशक ओमपाल सिंह भाटी, उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान, बैंक अधिकारी महेन्द्र सिंह राव, चैनाराम परिहार द्वारा किया गया।

इन कैलेण्डरों को बैंक के अधीन ग्राम सेवा सहकारी समितियो, व्यवसासियों, अमानत धारकों व ग्राहकों में वितरित किया जाकर बैंक की विविध योजनाओं, बैंक की सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी।

### यातायात नियमों की जानकारी दी

**बालोतरा**,(नि.सं.)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत विद्यालयों में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे जागरूकता को लेकर संस्कार ए वैली ऑफ एजुकेशन स्कूल पचपदरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला परिवहन अधिकारी मीनाक्षी कैथरीन ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान विद्यालय में राजेन्द्र मारू द्वारा विद्यालय के अध्यापकों एवं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों जिसमें ट्रैफिक लाईट, जेबरा लाईन व सड़क चिन्हों और हेटमेट की उपयोगिता तथा गुट सेमिरेटन के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिए।

यातायात के नियमों को पालन करने के लिए अपील की तथा सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों की जानकारी परिवार के सदस्यों के साथ साझा करने की बात कही। विद्यालय सदस्य मनीष विश्नोई ने बच्चों को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया।

इस दौरान छात्रा पंकज ने सड़क चिन्हों को लेकर अपने प्रश्न पूछे जिसके बारे विस्तार से चर्चा कर छात्राओ को जानकारी प्रदान करते हुए सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से अवगत करवाया गया।

# भीनमाल में स्पा सेन्टर से चार युवती गिरफ्तार

**भीनमाल**, (निसं)। जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने स्पा सेन्टर की आड़ में संदिग्ध गतिविधियों पर चार युवतियो को गिरपतार किया।

जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिला हाजा में चलाये जा रहे संदिग्ध गतिविधियॉं में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत कस्बा भीनमाल में रामसीन रोड पर ऑरियॉट बीयर बार के पास स्थित स्पा सेंटर पर भारतीय युवतियों द्वारा संदिग्ध व गलत कार्य करने की सूचना मिलने पर थानाधिकारी भीनमाल मय जाब्ता द्वारा स्पॉ सेंटर पर दबिश देकर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने की संभावना के मध्यनजर गैरसायलान 04 युवितयॉं का गिरफतार किया गया।

पुलिस ने शौभा उम्र 39 साल पनवेल जिला रायगढ महाराष्ट्र, शबनम बीबी उम्र 40 साल साउथ दिल्ली, रीनादास उम्र जिला नदिया पश्चिम बंगाल, रेशमा उम्र 36 साल शिवडी एक्स रोड शिवडी रेल्वे स्टेशन मुम्बई महाराष्ट को गिरफ्तार किया। मामले में जांच की जारी है।

### लेदरमेर गांव में छात्राओं को साइकिलें दी

**भीनमाल**, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम लेदरमेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को कक्षा नौ में अध्ययनरत 21 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई।

- कक्षा नौ की 21 छात्रा को निःशुल्क साइकिल प्रदान की

साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। विद्यालय एसएमसी अध्यक्ष बलवंत सिंह, संस्था प्रधान राजेन्द्र प्रसाद धांगड, निःशुल्क साईकिल वितरण प्रभारी मुकेश कुमार व पीटीआई ममता कुमारी के सानिध्य में आयोजित एक सादे समारोह में छात्राओं को साइकिलें वितरण की गई। इस समारोह में संस्था प्रधान राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। बालिका शिक्षा को बढावा मिल सके। इन योजनाओं में कक्षा नवमी में अध्ययनरत छात्राओं के लिए निःशुल्क साइकिल वितरण भी एक अभिन्न योजना है। ग्रामीण इलाकों में दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को सहुलियत रहेगी और समय की बचत होगी। एसएमसी अध्यक्ष बलवंत सिंह ने इस पहल के लिए सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यालय की सभी छात्राओं को आगे पढ लिखकर गांव का नाम रोशन करने का आव्हान किया। साईकिल प्रभारी ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर नारायण लाल जीनगर, विक्रम कुमार, महेन्द्र कुमार, शांतिलाल, रविन्द्र कुमार एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारी की समीक्षा हुई



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बालोतरा दौरे को लेकर जिला कलैक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 10 जनवरी को बालोतरा क्षेत्र के प्रस्तावित दौरे को लेकर पूर्व तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी को लेकर बुधवार को रिफाइनरी मीटिंग हॉल में जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को 10 जनवरी को बालोतरा क्षेत्र की एक दिवसीय यात्रा पर रहेंगे
- रिफाइनरी के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार, उपखण्ड अधिकारी, जिला अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों समेत रिफाइनरी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 10 जनवरी को एक दिवसीय यात्रा पर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे रिफाइनरी का भ्रमण कर रिफाइनरी के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे।

उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बालोतरा क्षेत्र में प्रस्तावित यात्रा की पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर पुख्ता व्यवस्थाओं के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर सभी विभागों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए मुस्तैदी से कार्य करने की हिदायत दी।

जिला कलैक्टर ने रिफाइनरी अधिकारियों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रिफाइनरी भ्रमण के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही रिफाइनरी की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्रशिक्षित अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये।

उन्हौंने चिकित्सा विभाग को मेडिकल टीम के साथ एम्बुलेन्स व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ नगर परिषद को अग्निशमन वाहन व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें, किसी प्रकार की कोई कोताही ना बरते।

# कई लोगों ने स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाया

**जोधपुर**, (कासं)।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लोगों को स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा चलाए जा रहे गिव अप अभियान में अब तक कार्यालय जिला रसद अधिकारी प्रथम जोधपुर में 155 परिवारों के आवेदन प्राप्त हुए है।

प्राप्त आवेदनों में 630 सदस्यों ने आर्थिक रूप से सक्षम एवं इस योजना की पात्रता से ऊपर उठने पर स्वयं पहल करते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की सूची से नाम वापस लेने का आठाह किया है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर अपात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना से निष्कासन की कार्यवाही की गई है।

गिव अप अभियान के तहत कोई भी सक्षम एवं इच्छुक व्यक्ति अपने क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानदार के पास जाकर स्वेच्छा से गिवअप करने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर और इसे वहीं पर भरकर जमा भी करवाना होगा। यह आवेदन पत्र आगामी 31 जनवरी 2025 तक जमा करवाना आवश्यक है। निर्धारित तिथि तक नाम नहीं कटवाने वाले अपात्र परिवारों से वर्ष 2016 से अब तक उठाए गए राशन की वसूली की जाएगी।

गिव अप अभियान में ऐसे व्यक्ति या परिवार जिसमें कोई आयकरदाता, परिवार का कोई सदस्य सरकारी, अद्धर्सरकारी या स्वायतशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी है और एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चौपहिया वाहन हो (ट्रैक्टर जैसे जिविकोपार्जन में लगे वाहनों को छोडकर) तो उन्हें अपने क्षेत्र में संबंधित उचित मूल्य दुकानों पर नाम हटाने के लिए आवेदन पत्र भरकर देना होगा।

# मनोज ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी ने बुधवार प्रातः 11 बजे जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।

निरीक्षण के दौरान जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी ने जिला चिकित्सालय में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों के उपस्थिति रजिस्टरों की जंच करने के साथ ही रजिस्ट्रेशन काउन्टर, मेल मेडिकल वार्ड, फीमेल वार्ड, आईसीयू, सर्जिकल वार्ड, रामाश्रय वार्ड, ब्लड बैंक लैब एवं अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने व मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीजों व उनके परिजनों से वार्ता की। इस दौरान प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. पूनम टांक सहित चिकित्साधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।




मुझे लगता है कि एसए-20 से वह अंतर कम किया जा सकता है। इससे हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिल रहा है। टीमों के पास शानदार कोच और फिजियो हैं।' - **ग्रीम स्मिथ**

**एसए-20 लीग के कमिश्नर, दक्षिण अफ्रीका टीम के बारे में बोलते हुए।**




**आज का खिलाड़ी**

## टेम्बा बावुमा



**दक्षिण अफ्रीका** के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा ऑलटाइम हाई रेटिंग पर पहुंच गए। उन्हें रैंकिंग में 3 स्थानों का उछाल मिला। वह अब 769 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-6 पर पहुंचने में कामयाब हो गए। बावुमा की कप्तानी में ही साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को लगातार दो टेस्ट मैच हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। ज्ञात हो तेम्बा बावुमा का जन्म 17 मई, 1990 को हुआ था। वे दक्षिण अफ्रीकी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेटर है। जो टेस्ट व एकदिवसीय क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम में है। वे दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत टी-20 इतिहास में एक कैलेंडर वर्ष में 200 छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई, ऐसा उसने 2024 में किया।

### युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किया राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का शुभारम्भ

## चुनौतियां का सामना कर उन्हें परास्त करना ही चैम्पियन की पहचान : राठौड़

जयपुर, 8 जनवरी। युवा मामले एवं खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में राज्य मंत्री के.के. विश्नोई की गरिमामयी उपस्थिति में एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का शुभारंभ कर समस्त युवाओं एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार थीम पर आधारित युवा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगियों का आयोजन होगा। जहां ग्रामीण स्तर तक चयनित होकर आए प्रतिभागी युवाओं को इसमें अपना हुनर दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, चुनौतियों का सामना कर उन्हें परास्त करना ही चैंपियन की पहचान है। हमारी युवा शक्ति में लक्ष्य हासिल करने की क्षमता है। युवाओं को सफलता और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सभी अवसर प्रदान करने के लिए हम सभी प्रतिबद्धत हैं। देश की सांस्कृतिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्त्रोत है बहुरंगी कलाएं। भावी पीढ़ी, अपनी संस्कृति के जिस स्वरूप को देखती है उसी के अनुरूप अपने जीवन के नये मूल्यों का निर्माण करती है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा के द्वारा, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता से जोड़े और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के गौरवशाली दृष्टिकोण से परिचित और प्रेरित कराएं।

### सीनियर नेशनल वालीबॉल चैम्पियनशिप

## कर्नाटक ने राजस्थान को 3-1 से हराया

जयपुर, 8 जनवरी। जयपुर में आयोजित हो रही सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भारत भर से आए महिला और पुरुष खिलाड़ियों का जज़्बा देखने लायक़ रहा। सभी खिलाड़ी पूरी टीम भावना और आत्मविश्वास के साथ अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं और उसी भावना से सिलेक्टर्स सभी



खिलाड़ियों को बारीक़ी से परख रहे हैं।आने वाले समय में भारतीय खिलाड़ियों की टीम का सिलेक्शन किया जा सके। दूसरे दिन के मुकाबलों में पुरुष वर्ग में आंध्र प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को 3-0 से शिकस्त दी वहीं उत्तर प्रदेश की टीम ने त्रिपुरा को 3-0 से हराया। जम्मू कश्मीर ने बिहार को 3-2 से और उड़ीसा ने अरुणाचल प्रदेश को 3-0 से मात दी। वहीं चण्डीगढ़ ने अण्डमान निकोबार को 3-0 से और झारखंड ने त्सिक्किम को 3-0 से हराया। कर्नाटक की टीम ने राजस्थान की टीम पर 3-1 से जीत दर्ज की। महिला टीमों का प्रदर्शन भी खासा रहा और दिल्ली की टीम ने मणिपुर को 3-0 से हराया और पश्चिम बंगाल ने शानदार खेल दिखाते हुए हरियाणा को 3-0 से मात दी। आयोजन सचिव भरत सिंह के अनुसार रेफ़्रीज़ और ग्राउण्ड स्टाफ़ पूरी लगन से इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में जुटे हुए हैं और दर्शकों की संख्या भी दर्शाती है कि राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में वॉलीबॉल का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। चैम्पियनशिप के दूसरे दिन हुए मैचों में मुख्य अतिथि चीफ़ पोस्ट मास्टर जनरल वी के गुप्ता थे और भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वीरेन्द्र सिंह बाँकावत भी उपस्थित रहे। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल के कोच और सेलेक्टर लक्ष्मी नारायण शर्मा और महिला टीम के कोच जय नारायण ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अर्जुन अवार्ड से सम्मानित वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अशोक आसोपा और ऐड हॉक कमेटी के सदस्य एस गोपीनाथ भी उपस्थित थे।

## खो-खो विश्वकप में हिस्सा लेने वाली विदेशी टीमें 10 और 11 को नई दिल्ली पहुंचेगी

नई दिल्ली, 8 जनवरी। खो-खो विश्वकप में हिस्सा लेने वाली अधिकतर विदेशी टीमें 10 और 11 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी पहुंच जायेंगी। विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बुधवार को यहां बताया की हवाई अड्डे पर खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी और टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रायोजक जीएमआर के अधिकारी विदेशी खिलाडियों और टीम के सदस्यों का भारतीय परम्परा के अनुरूप स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए एक स्पेशल वेलकम डेस्क स्थापित किया जायेगा तथा उन्हें लाउन्ज फैसिलिटीज प्रदान की जाएंगी।

## 2025 के लिये फिट हैं मो. शमी

नई दिल्ली, 8 जनवरी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का चयन 12 जनवरी से पहले पहले हो जाएगा। वहीं इस टूर्नामेंट के लिए कप्तान रोहित शर्मा से लेकर यशस्वी जायसवाल तक तमाम खिलाड़ियों के चनय को लेकर चर्चा जारी है। इस बीच 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद से चोट के कारण बाहर चल रहे मोहम्मद शमी ने 24 घंटे के अंदर दूसरी बार सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। वहीं चोट से उबरकर घरेलू क्रिकेट में वापसी के बाद भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं चुने गए मोहम्मद शमी वीडियो शेयर कर कहीं न कहीं भारतीय चयनकर्ताओं को ध्या आकर्षित करना चाहते हैं। इसके जरिए वो चयनकर्ताओं को बताना चाह रहे हैं कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए फिट हैं।

# मार्टिन गुप्टिल ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

### वनडे वर्ल्ड कप का हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर बना चुके, न्यूजीलैंड के टॉप टी-20 स्कोरर

नई दिल्ली, 8 जनवरी। न्यूजीलैंड के ओपनर बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने बुधवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वह वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर बनाने वाले बैटर हैं। गप्टिल ने 2015 के वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 237 रन की पारी खेली थी।

गप्टिल ने टी-20 इंटरनेशनल में कीवियों के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वह अभी सुपर स्मैश टूर्नामेंट में ऑकलैंड एसेस की कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट को दिए गए इंटरव्यू में कहा, 14 साल तक ब्लैककैप्स के लिए खेलना सबसे बड़ा सम्मान था।

न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरा सपना था गप्टिल ने कहा, बचपन से ही न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरा सपना था।



मैं अपने देश के लिए 367 मैच खेलकर भाग्यशाली महसूस करता हूं। मैं अपने सभी टीम-साथियों और कोचिंग स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं। विशेष रूप से मार्क ओडोनेल को, जिन्होंने अंडर-19 स्टेज पर मुझे ट्रेनिंग दी थी।

14 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेला 38 वर्षीय गप्टिल ने न्यूजीलैंड के लिए 14 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेला। 2009 से 2022 तक मार्टिन गप्टिल ने न्यूजीलैंड के लिए 367 मैच खेले, इस दौरान उन्होंने 23 शतक भी लगाए। गप्टिल ने अपना इंटरनेशनल डेब्यू 2009 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था।

टी-20 में कीवियों के बेस्ट बल्लेबाज गप्टिल ने 122 टी-20 में 3531 रन बनाए। वनडे में मार्टिन ने 198 मैचों में 7346 रन बनाए हैं। वह वनडे में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे रॉस टेलर और स्टीफन फ्लेमिंग हैं।

## स्कूल-कॉलेज जाएगी प्रचार गाड़ी, क्यूआर कोड से छात्र बुक करा सकेंगे सीट

देहरादून, 8 जनवरी। उत्तराखंड में होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की गतिविधियां, जिन शहरों में प्रस्तावित है, वहां पर छात्र-छात्राओं को इससे जोड़ने के लिए पहल की जा रही है। युवा दिवस यानी 12 जनवरी से प्रचार के आठ कंटेनरों को स्कूल-कॉलेजों के लिए रवाना किया जा रहा है। छात्र-छात्राएं इस प्रचार कंटेनरों के माध्यम से खेल मुकाबले के लिए अपनी सीट क्यूआर कोड से बुक करा सकेंगे। राष्ट्रीय खेल देखने के लिए नि:शुल्क प्रवेश की व्यवस्था है। उत्तराखंड अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में इस बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है। राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से लेकर 14 फरवरी तक प्रस्तावित हैं। देहरादून के अलावा हरिद्वार, शिवपुरी-ऋषिकेश, कोटी कालोनी टिहरी, नैनीताल, रूद्रपुर, खटीमा, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ जैसी जगहों पर विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं होनी हैं। राष्ट्रीय खेल सचिवालय तैयारियों में जुटा पड़ा है। कोशिश ये ही है कि हर वर्ग को इस आयोजन से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से जोड़ा जाए। छात्र-छात्राओं को इस आयोजन से जोड़ने के लिए अब युवा दिवस के मौके को चुना गया है।

## विजय हजारे ट्रॉफी नॉकआउट - प्रसिद्ध, अभिमन्यु, पडिक्कल उपलब्ध रहेंगे, राहुल ने ब्रेक लिया



नई दिल्ली, 8 जनवरी। भारतीय क्रिकेटर देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा और अभिमन्यु ईश्वरन विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण के लिए उपलब्ध रहेंगे। टूर्नामेंट का नॉकआउट स्टेज 9 जनवरी से वडोदरा में खेला जाएगा।

कर्नाटक के लिए डोमेस्टिक खेलने वाले केएल राहुल ने ब्रेक लेने के लिए रिक्वेस्ट किया है। हालांकि, उन्होंने ब्रेक का कारण नहीं बताया। वहीं, अगर तमिलनाडु सेमीफाइनल में पहुंचती है तो वॉशिंगटन सुंदर भी अपनी टीम के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

आकाश दीप सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जाएंगे पडिक्कल और प्रसिद्ध बुधवार यानी आज सिडनी से भारतीय टीम के मेंबर्स के साथ उड़ान भरेंगे, जबकि अभिमन्यु को एक दिन पहले उड़ान भरने की परमिशन दे दी गई थी। अभिमन्यु आज बंगाल की टीम के साथ ट्रेनिंग करेंगे। बंगाल को 9 जनवरी को हरियाणा के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मैच खेलना है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम में शामिल बंगाल के दूसरे खिलाड़ी आकाश दीप पीठ में दर्द के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। आकाश दीप इंजरी के कारण ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट से बाहर हो गए थे। वे ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) जाएंगे।

वडोदरा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल खेलेगी कर्नाटक प्रसिद्ध और पडिक्कल के 10 जनवरी तक कर्नाटक की टीम में शामिल होने की उम्मीद है। कर्नाटक की टीम 11 जनवरी को वडोदरा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। राहुल इसी के लिए ब्रेक लेने वाले हैं।

### // पीएसपीबी इंटर यूनिट स्क्वैश चैम्पियनशिपन //

## टॉप सीड सूरज, विश्ववर्धन, नवीन और अली हैदर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे



जयपुर, 8 जनवरी। शीर्ष वरीयता के बीपीसीएल के सूरज चन्द ने बुधवार को यहां ओएनजीसी के अर्चित अग्रवाल को 3-0 से पराजित कर इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की मेजबानी में बुधवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित स्क्वैश एकेडमी कोर्ट्स पर शुरू हुई छठी पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) इंटर यूनिट स्क्वैश चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दूसरी वरीयता प्राप्त ओआईएल के विश्ववर्धन भाटी ने आईओएल के दिव्य चौहान को 3-0 से, एनआरएल के अली हैदर ने आईओसी के सौरव अग्रवाल को 3-0 से और ओआईएल के नितेश कुमार ने एनआरएल के नवीन कुमार को 3-0 से हरा अंतिम आठ में जगह बनाई। इनके अलावा आईजीएल के अंकुर वर्मा, बीपीसीएल के सुभाष चौधरी, एनआरएल के अनेम कारिख और ओआईएल के चंदन कुमार भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

आईजीएल के एच.आर. हैड शिवनेन्द्र कुमार ने बताया कि महिला वर्ग में एनआरएल की प्रज्ञा डेगा, ओएनजीसी की गुरजीत कौर व पारुल वसावा और रीवा निम्बालकर अपने मुकाबले जीत अंतिम चार में पहुंच गईं। क्वार्टर फाइनल में प्रज्ञा ने ओआईएल की कनिष्का शर्मा को 2-0 से और पारुल ने ओआईएल की मोनिका मीणा को 2-0 से पराजित किया। गुरजीत को ओआईएल की रोमाशा के खिलाफ वाकओवर मिल गया, वहीं शीर्ष वरीयता की रीवा पहले ही अंतिम चार में पहुंच चुकी हैं।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि आईजीएल के डायरेक्टर (कॉमर्शियल) मोहित भाटिया ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बीपीसीएल के डायरेक्टर (एचआर) राजकुमार दुबे और पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के एडवाइजर ललित कुमार वत्स विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

## प्रणय और बंसोड़ मलेशिया ओपन के प्री-क्वार्टर में

कुआलालंपुर, 8 जनवरी। भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय और शटलर मालविका बंसोड़ बुधवार को पुरुष और महिला एकल वर्ग के शुरुआती दौर मुकाबलों में जीत दर्ज कर मलेशिया ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये है। छत से पानी का रिसाव होने कारण कल प्रणय का मैच स्थगित करना पड़ा था। उस समय प्रणय 21-12, 6-3 से आगे चल रहे थे। प्रणॉय ने अपने कनाडाई प्रतिद्वंद्वी ब्रायन यांग को एक घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 17-21, 21-15 से हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। अगले दौर में प्रणय का सामना चीन के शि फेंग से होगा। वहीं महिला वर्ग में मालविका ने मलेशिया की गोह जिन वेई को केवल 45 मिनट में 21-15, 21-16 से पराजित किया। अगले दौर में उनका मुकाबला चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त यू हान और दक्षिण कोरिया की यू पो पाई की विजेता से होगा। तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा सतीश कुमार कुरूणाकरन और आद्या वरियथ की भारतीय जोड़ी भी सुपर 1000 टूर्नामेंट के मिश्रित युगल प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

### // आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल सम्पन्न //

## भारत यूथ में उपविजेता, जूनियर में जीता कांस्य पदक

जयपुर, 8 जनवरी। उज्बेकिस्तान की यूथ अंडर-18 टीम ने आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज - एशिया) का खिताब मेजबान भारत को 47-23 से हराकर जीता। जूनियर अंडर-20 के फाइनल में भी उज्बेकिस्तान ने जीत दर्ज की जिसने कजाखिस्तान को 38-18 से हराया। चैंपियनशिप की यूथ व जूनियर विजेता टीम अब इंटरकांटिनेंटल फेज में चुनौती करेंगे।

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में 3 से 7 जनवरी तक आयोजित पाँच दिवसीय चैंपियनशिप में भारत की यूथ टीम उपविजेता रही जबकि जूनियर टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। तीसरे स्थान के मैच में भारतीय जूनियर अंडर-20 टीम ने बांग्लादेश को 40-24 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत मध्यांतर तक 17-9 से आगे था। भारत के लिए जसप्रीत सिंह व मोहित ने सर्वाधिक 9-9 गोल दागे।




यूथ अंडर-18 में तीसरे स्थान के मैच में कजाखिस्तान ने कांस्य पदक जीता जिसने बांग्लादेश को 33-29 से हराया। विजेता टीम से वादिम कैसिन ने सर्वाधिक 15 गोल किए।

राजस्थान राज्य हैंडबाल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय यूथ टीम में प्रदेश के कृतवर्य प्रताप सिंह, महेंद्र पाल सिंह तथा जूनियर टीम में जसप्रीत सिंह, अजय मोयल व नयन शेखावत थे। जसप्रीत सिंह भारतीय जूनियर टीम के कप्तान भी थे। भारतीय जूनियर टीम के कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के हैंडबॉल प्रशिक्षक प्रियदीप सिंह खंगारोत थे।

रजत पदक विजेता भारतीय यूथ टीम :अंशु, सुयश अवस्थी, प्रवीण गिल, आर्यन मलिक, नवदीप, नवीन कुमार, पीयूष सिंह, अरुमुगम रमन, रवि, रोहित, ध्रुव सेठ, कृतवर्य प्रताप सिंह, महेंद्र पाल सिंह, मनीष यादव, मुख्य कोच : मोहम्मद तौहीद, कोच : विष्णुवर्द्धन, हेड ऑफ डेलीगेशन : अमित पाण्डेय।

कांस्य पदक विजेता भारतीय जूनियर टीमः- नयन शेखावत, ज्ञान गौर, प्रकाश, जसप्रीत सिंह, राहुल, अजय मोयाल, मनदीप, करन, शशिकांत जाधव, सचिन बनोथ, मानवेंद्र यादव, मोहित, रजनीश कुमार, कार्तिकेयन रवि, सौरभ शर्मा, मुख्य कोचः अनूप सिंह, कोच : प्रियदीप सिंह, हेड ऑफ डेलीगेशन : मुकेश मान।

# टेस्ट रैंकिंग में पंत की टॉप-10 बैटर्स में वापसी

### सिडनी में 40 और 61 रन की पारियां खेली थी, गेंदबाजों में बुमराह टॉप पर



नई दिल्ली, 8 जनवरी। टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने फिर से टॉप-10 बल्लेबाजों में वापसी कर ली है। वे 12वीं पोजिशन से नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सिडनी टेस्ट में 40 और 61 रन की पारी खेली थी। इसकी बदौलत उनकी रैंकिंग सुधरी।

इस लिस्ट में दूसरे भारतीय टीम के ओपनर यशस्वी जायसवाल हैं, जो नंबर 4 पर बने हुए हैं। यशस्वी ने में एक सेंचुरी और 2 हाफ सेंचुरी लगाई हैं। बॉलर्स की टॉप-10 रैंकिंग में बुमराह पहले पायदान पर मौजूद हैं। स्पिनर रवींद्र जडेजा 10वीं पोजिशन से नौवें स्थान पर आ गए हैं। 10वें नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पेसर स्कॉट बोलैंड हैं, जो पहले 39वें नंबर पर थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सिडनी टेस्ट में ऋषभ ने दूसरी इनिंग में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया था। उन्होंने 29 बॉल पर हाफ सेंचुरी लगाई थी। पंत ने 61 रन की पारी खेली थी। जिससे उनकी रैंक में 3 पायदान का फायदा हुआ। अब उनके 739 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं।

साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा ऑलटाइम हाई रेटिंग पर पहुंच गए। उन्हें रैंकिंग में 3 स्थानों का उछाल मिला। वह अब 769 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-6 पर पहुंचने में कामयाब हो गए। बावुमा की कप्तानी में ही साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को लगातार दो टेस्ट मैच हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### जिला क्रिकेट संघ बाड़मेर के चुनाव

## अध्यक्ष पद पर प्रमोद शर्मा, सचिव देवाराम चौधरी निर्विरोध निर्वाचित



जयपुर, 8 जनवरी। जिला क्रिकेट संघ बाड़मेर के चुनाव ऋषभ रिजॉर्ट में दोपहर 2 बजे संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रमोद शर्मा, सचिव देवाराम चौधरी, कोषाध्यक्ष आजाद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष के पद पर महेंद्र सिंह चौधरी, रिटायर्ड आईपीएस, तेज सिंह चौधरी, इसरा राम चौधरी, चिमनाराम चौधरी, पंचराम चौधरी, राजीव भादू, जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर अभिषेक चौधरी, मोहन भादू, नरेंद्र पाल सिंह, एग्जीक्यूटिव मेंबर आसाराम, सुरेश कड़वासरा, गजेंद्र कुमार इत्यादि निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस चुनाव में ऑब्जर्वर के रूप में खेल अधिकारी बाड़मेर रामकरण विश्नोई उपस्थित थे। सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को आरसीए के पूर्व अध्यक्ष संजय दीक्षित, बृजकिशोर उपाध्याय सचिव जिला क्रिकेट संघ दौसा ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## ड्रॉप रोबॉल राजस्थान ने स्वर्ण पदक जीता



जयपुर, 8 जनवरी। भारतीय ड्रॉप रोबॉल संगठक एवं ड्रॉप रोबॉल राजस्थान एसोसिएशन सचिव लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि 4 से 8 जनवरी तक बिहार के पटना में आयोजित 14 वीं राष्ट्रीय स्तरीय सब जुनियर जुनियर ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में जुनियर बालिका वर्ग में खेलते हुए राजस्थान टीम की गंगा सुवालका, लक्ष्मी मेघवाल मुस्कान खारोल,ने चैलेंज इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। ट्रिपल वर्ग में कविता सालवी, यश राठौड़, आरसी,भावना प्रजापत,भावना तेली , शिवानी मंडल ने रजत पदक जीता, जुनियर डबल वर्ग में कर्णिका प्रजापत, कोमल बैरवा, राधा रानी, खुशी साहू ने रजत पदक जीता।

इस प्रकार खेल के हर क्षेत्र सिंगल, डबल ट्रिपल वर्ग में राजस्थान टीम ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए झंडे गाढ़े समापन सत्र में मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री राम कृपाल यादव रहे और उन्होंने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। ओर उन्होंने कहा कि ऐसे स्वदेशी खेल को जरूर बढ़ावा मिलनी चाहिए ये ऐसा खेल जो बिना किसी विशेष संसाधन के भी आसानी से खेल जा सकता है, बिहार के ग्रामीण क्षेत्र जो गरीब और पिछड़े हे वहा के बालक बालिका भी ये खेल आसानी से खेल सकते हैं में इसे बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रारंभ कराऊंगा, भारतीय ड्रॉप रोबॉल संघ के संघटक लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि अपने देश अपनी माटी का स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है ,वो दिन दूर नहीं जब गली गली अपना स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल खेला जाएगा

### राज्य स्तरीय अंडर-14 यूथ कप

## राजीव गांधी एकेडमी को हराकर केजीआर एकेडमी सेमीफाइनल में पहुंची

जयपुर, 8 जनवरी। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर - 14 यूथ कप प्रतियोगिता में आज खेले गए अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच में जी आर एकेडमी ने राजीव गांधी एकेडमी को 39 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज संस्कार ग्राउंड पर खेले गए मैच में जी आर एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आयुष शर्मा के 19 रन, गौरव पुनिया के 27 रन, पार्थ यादव के 19 रन व आरव दीक्षित के 12 रन से 34 ओवर में 136 रन बनाए। राजीव गांधी एकेडमी के लिए निलय अरोड़ा ने 18 पर 4, गगन सोनी ने 38 पर 3, एकलव्य व नकुल ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी में राजीव गांधी एकेडमी की टीम हर्षित के 36 रनों से 25.4 ओवर में 97 रनों पर सिमट गई। जीआर एकेडमी के लिए गौरव पुनिया ने 29 पर 3, भीष्म चेलानी ने 22 पर 3 विकेट, वासुदेव पारीक ने 21 पर 2 व गौरांश पारीक 1 विकेट लिया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवा दिवस पर आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।*

# युवा दिवस पर 13 हजार 500 से अधिक युवाओं को मिलेगी नियुक्ति की सौगात

## 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण होगा-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर, 8 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल और उद्यमिता का विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम आगामी चार वर्षों में चार लाख रोजगार सरकारी व 6 लाख निजी क्षेत्र में देकर, रोजगार के कुल 10 लाख अवसर उपलब्ध करवाएंगे।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर युवा दिवस (12 जनवरी) पर आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस रोजगार उत्सव में राज्य सरकार युवाओं को 13

■ **मुख्यमंत्री ने बताया कि चिकित्सा विभाग में सी.एम.एच.ओ. के 5,261 वित्त विभाग में कनिष्ठ लेखाकार के 4,749, गृह विभाग में कांस्टेबल सहित 3,133, शिक्षा विभाग (माध्यमिक) में 159, शिक्षा विभाग (प्राथमिक) में 76 पदों पर नियुक्तियाँ दी जायेंगी।**

हजार 500 से अधिक नियुक्तियां देगी। इनमें चिकित्सा विभाग में सीएचओ के 5 हजार 261, वित्त विभाग में कनिष्ठ लेखाकार के 4 हजार 749, गृह विभाग में कांस्टेबल सहित, अन्य के 3 हजार 133, राजस्व विभाग में तहसील राजस्व लेखाकार के 179, शिक्षा विभाग (माध्यमिक) में विविध 159 पद तथा शिक्षा विभाग (प्राथमिक) में अध्यापक लेवल-प्रथम एवं द्वितीय के 76 पदों पर नियुक्तियां शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी दिन 31 हजार 29 करोड़ रुपये के 73 हजार 39 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि देश और विदेश में कुशल एवं योग्य कार्मिकों की भारी मांग की पूर्ति में राजस्थान अहम भूमिका निभा सकता है, इसके लिए अधिकारी युवाओं की शैक्षिणक और कौशलपरक योग्यता तथा विदेश में काम करने के इच्छुक युवाओं का एक डाटाबेस तैयार किया करें, ताकि विदेशी उद्योगों एवं कंपनियों को राज्य सरकार के माध्यम से योग्य एवं कुशल कार्मिक उपलब्ध करवाए जा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थापित जो भी उद्योग तथा कंपनी रोजगार देने में राज्य के युवाओं को प्राथमिकता देंगे, उन्हें राज्य सरकार विशेष रूप से प्रोत्साहित करेगी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी भास्कर ए सावंत, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ सहित, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राजस्थान विधानसभा का सत्र 31 जनवरी से

जयपुर, 8 जनवरी। सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का तृतीय सत्र शुक्रवार 31 जनवरी से होगा। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को विधान सभा सत्र की तैयारियों की जानकारी ली। देवनानी ने सत्र से संबंधित आवश्यक निर्देश विधान सभा के अधिकारियों को दिये। देवनानी ने बताया कि 31 जनवरी को प्रातः 11 बजे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे अभिभाषण देने के लिये विधान सभा पहुंचेंगे। विधान सभा पहुँचने पर अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सदन के नेता एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा राज्यपाल बागडे का स्वागत करेंगे। राज्यपाल को विधान सभा में आरएसी बटालियन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। राज्यपाल को प्रोसेशन के साथ सदन में ले जाया जायेगा।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा 31 जनवरी को प्रातः 11 बजे आहूत किये गये सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र की अधिसूचना विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा द्वारा बुधवार को जारी की गई।

■ **इस सत्र के सभी प्रश्नों, ध्यानाकर्षण प्रस्तावों, विशेष उल्लेख याचिकाओं आदि के जवाब ऑनलाइन दिये जायेंगे।**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का तृतीय सत्र नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के तहत, पूर्णरुपेण डिजिटलाइज्ड होगा। विधान सभा को विधायकों द्वारा पूछे गये प्रश्न, ध्यानाकर्षण प्रस्तावों, विशेष उल्लेख प्रस्तावों, आश्वासनों एवं याचिकाओं के जवाब राज्य सरकार के विभागों द्वारा नेवा एप्लीकेशन के तहत ही ऑनलाइन प्रेषित किया जाना आवश्यक है।

राज्य सरकार के सभी विभागों को विधान सभा द्वारा प्रश्न आदि नेवा एप्लीकेशन के माध्यम से ही ऑनलाइन भेजे जायेंगे।

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा के नेतृत्व में विधान सभा के प्रशासनिक व तकनीकी अधिकारियों के दल ने राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में संचालित विधान सभा प्रकोष्ठों के अधिकारियों और कार्मिकों को बुधवार को नेवा एप्लीकेशन पर कार्य करने यथा प्रश्नों एवं प्रस्तावों इत्यादि के उत्तर देने एवं उनके परिचालन की जानकारी का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया।

## कट ऑफ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं के लिए पद रिक्त रखने के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# केवल लोकसभा के लिये गठबंधन था - तेजस्वी

बक्सर, 08 जनवरी। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर तेजस्वी यादव ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि यह पहले से तय था कि इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए है।..आगे देखा जाएगा कि चुनाव प्रचार में जाएंगे या नहीं। बिहार की यात्रा पर निकले तेजस्वी यादव आज बक्सर पहुंचे। यहां उन्होंने उक्त टिप्पणी की।

बक्सर के सभा कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन बनने के दौरान यह तय हो गया था कि यह गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए है, विधानसभा चुनाव के लिए यह गठबंधन नहीं है। हालांकि जब उनसे पूछा गया है कि क्या आप चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली जाएंगे तो उन्होंने कहा कि यह तय नहीं है, आगे देखा जाएगा। हालांकि तेजस्वी ने यह भी कहा कि बिहार में हम साथ-साथ हैं।

दरअसल दिल्ली में विधानसभा का चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन कई खंड में बंटा हुआ नजर आ रहा है।

## क्या हमें ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बात कही थी। हाई प्रोफाइल हुसैन पूर्व वाणिज्य सचिव और बुद्धिजीवी थे।

डॉ. चेल्लैया का मत था कि जरुरत से ज्यादा महत्वाकांक्षी योजना अर्थव्यवस्था की क्षमता को सीमित कर सकती है और ग्रोथ पर इसका विपरीत प्रभाव भी पड़ सकता हे।

आबिद साहब का मत था कि अर्थव्यवस्था की सभी खिड़कियां खोल देनी चाहिए ताकि ताज़ा हवा अंदर आए और इस प्रक्रिया में अगर मक्खी-मच्छर भी आ जाते हैं तो आने दीजिए हम उनसे निपट लेंगे।

महत्वपूर्ण यह नहीं है कि ग्रोथ हो, बल्कि यह है कि ग्रोथ की गुणवत्ता कैसी है और इसका फैलाव कितना है तथा बिना अधिक दबाव के कब तक बनी रह सकती है। यदि अर्थव्यवस्था ज्यादा तेज हो जाए तो कई क्षेत्रों की क्षमताओं पर दबाव पड़ सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और इससे दूरगामी संभावनाएं प्रभावित हो सकती है।

# एक दिन में दो कोचिंग छात्रों ने आत्महत्या की

कोटा, 8 जनवरी (निसं)। कोटा में साल की शुरुआत में एक ही दिन में दो कोचिंग छात्रों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों छात्र कोटा में रहकर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे थे।

पहला मामला जवाहर नगर थाने क्षेत्र का है हॉस्टल स्टाफ ने बताया कि जब वे छात्र के कमरे पर गए तो वह फंदे पर लटका मिला। उन्होंने तुरंत पुलिस और परिवार को सूचना दी। हरियाणा के महेंद्रगढ़ का रहने वाला नीरज दो साल से कोटा में रहकर जे.ई.ई. की तैयारी कर रहा था। जवाहर नगर थाना अधिकारी ने बताया कि छात्र राजीव गांधी नगर क्षेत्र में आनंद कुंज रेजिडेंसी में हॉस्टल में रहता था। हॉस्टल स्टाफ ने बताया कि नीरज मंगलवार शाम अपने दोस्त के साथ बाहर खाना खाने गया था। तनाव में भी नहीं लग रहा था। रात में अटेंडेंस लेने के दौरान उसने कमरा नहीं खोला। रोशनदान से झांककर

■ **कोटा में दो घटनाओं में हरियाणा व मध्य प्रदेश के छात्र ने फांसी लगाई।**

देखा तब सुसाइड का पता चला। पंखे में हैंगिंग डिवाइस भी लगी हुई है। उसने कुंडे (हुक) से फंदा लगाया। छात्र के पिता बबलू प्रजापत ने कहा उन्हें आत्महत्या की बात पर यकीन नहीं है। उन्होंने कहा, अगर मेरे बच्चे ने पंखे से लटक कर सुसाइड किया है तो न तो पंखे की पंखुड़ियां टूटी न ही पंखा नीचे आया। उसमें इतनी जगह भी नहीं थी कि रस्सी अंदर चली जाए।

दूसरा मामला विज्ञान नगर क्षेत्र का है। विज्ञान नगर थाना अधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि मध्य प्रदेश के गुना का मृतक अभिषेक कोटा में रहकर जेईई एडवांस की तैयारी कर रहा था। वह अंबेडकर नगर पीजी में रहता था। उसके कमरे में हैंगिंग डिवाइस नहीं लगा हुआ था। मृतक छात्र के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया है। मृतक के परिवार जनों को सूचित कर दिया। परिजनों के कोटा आने पर कारवाई की जाएगी। विज्ञान नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संयुक्त राष्ट्र ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है जिसमें कहा गया है कि इस वर्ष चीन में इससे प्रभावित लोगों की संख्या पिछले वर्ष से कम है।

उन्होंने चीन के आंकडों के हवाले से कहा है कि इस वर्ष अस्पताल में भर्ती होने वाले एचएमपीवी पीड़ितों की संख्या कम हैं, इसे लेकर चीन में आपातकाल नहीं है। उन्होंने कहा कि चीन में यह स्थिति प्रत्येक वर्ष होती है। दिसंबर 2024 के अंत एचएमपीवी से संक्रमण दर 30 प्रतिशत रही है।

# 50 साल बाद नए ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस समारोह में शामिल होने के लिए 400 प्रमुख नेता आमंत्रित किये गये हैं, जिनमें कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक दल के नेता, संसद सदस्य, ए.आई.सी.सी. के महासचिव, सचिव तथा संयुक्त सचिव शामिल हैं।

पार्टी ने कहा, "इंदिरा गांधी भवन को इस तरह से डिज़ायन किया गया है कि वह पार्टी और इसके नेताओं की बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा कर सके। इस भवन में प्रशासनिक, संगठनात्मक तथा रणनैतिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन के लिये आधुनिक सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है।"

इन नये भवन का शिलान्यास दिसम्बर 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह तथा तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने किया था। इस भवन के निर्माण में 15 वर्ष लग गये। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का मुख्यालय 1978 में 24 अकबर में शिफ्ट हुआ था। ज्ञातव्य है कि यह वह दौर था, जब पार्टी, आज़ादी के बाद पहली बार, सत्ता से बाहर हुई थी। आपातकाल के बाद हुये लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी भी हार गई थीं। कांग्रेस टूट भी गई थी तथा इंदिरा गुट के लिये कोई कार्यालय नहीं था। आंध्र प्रदेश के तत्कालीन सांसद, गद्दाम वैंकट स्वामी ने अपना सरकारी आवास, 24 अकबर रोड, पार्टी को दे दिया था। आज़ादी के बाद से कांग्रेस पार्टी का मुख्यालय 7 जंतर-मंतर रोड पर था। पार्टी कार्यालय सर्वप्रथम 1971 में 5 राजेन्द्र प्रसाद रोड पर तथा इसके बाद 1978 में 24 अकबर रोड पर शिफ्ट हुआ था।

## वी. नारायणन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट प्रॉपल्शन विशेषज्ञ हैं। वी नारायणन 1984 में इसरो में शामिल हुए और लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक बनने से पहले विभिन्न पदों पर कार्य किया। प्रारंभिक चरण के दौरान, उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में साउंडिंग रॉकेट्स और संवर्धित उपग्रह प्रक्षेपण यान और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के ठोस प्रणोदन क्षेत्र में काम किया।

## गहलोत ने सभी घोड़े खोल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस बारे में किसी भी सोच-विचार से पहले, इस प्रश्न का उत्तर जरुरी है।

वरिष्ठ नेताओं और मीडिया में गहलोत के बहुत समर्थक मौजूद हैं तथा इसका प्राथमिक कारण सिर्फ यह है कि वे इन दोनों के बड़े वित्त पोषक हैं।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि गहलोत द्वारा पार्टी पर फैंका गया इस प्रकार का पैसा उन्हें गांधी परिवार के लिये विचारणीय एवं स्वीकार्य बना सकता है।

एक पुरानी कहावत है कि राजनीति (असंभव को) संभव बनाने की कला है।

इसके अलावा, गहलोत के विश्वसनीय दायें हाथ, शशिकान्त फिर से दिल्ली पहुँच गये हैं, ताकि वे इस बात पर नजर रख सकें कि कांग्रेस में क्या चल रहा है, तथा इसके साथ ही, पार्टी नेताओं में गहलोत के लिये लामबंदी भी की जा सके।

गहलोत को उनसे फीडबैक मिलता रहता है तथा उसके बाद, वे परिस्थिति के अनुसार, क्रिया/प्रति क्रिया की ओर कदम बढ़ाते हैं।

लेकिन मूल प्रश्न यही बना हुआ है: क्या गांधी परिवार उन पर विश्वास करता है? या क्या ए.आई.सी.सी. में उनकी वापसी सोनिया गांधी के लिये एक तमाचा नहीं होगी कि उन्होंने एक ऐसे आदमी को वापस ले लिया, जिसने उनके नेतृत्व को चुनौती दी थी? यह व्यक्ति उनके (सोनिया) के नेतृत्व के इतने वर्षों में ऐसा करने वाला इकलौता व्यक्ति था।

# सड़क दुर्घटना में घायलों का कैशलैस उपचार हो

नयी दिल्ली 08 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक कैशलेस उपचार की योजना 14 मार्च 2025 तक बनाने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एस राजसीकरन द्वारा दायर एक मामले पर विचार करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें यह स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार को इस उद्देश्य के लिए कोई और समय नहीं दिया जाएगा।

पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि वह

■ **सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को 14 मार्च तक योजना बनाने के निर्देश दिये।**

मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक योजना जल्द से जल्द बनाए और हर हाल में 14 मार्च, 2025 तक यह योजना तैयार करे ताकि घायल सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना के शुरुआती समय, यानी गोल्डन आवर में कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

पीठ ने आगे कहा, "गोल्डन आवर में कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाने के लिए धारा 162 में किए गए प्रावधान का उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा गारंटीकृत जीवन के अधिकार को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना है।

इसके अलावा, योजना बनाना केंद्र सरकार का वैधानिक दायित्व है।"

# राजस्थान में 10 जनवरी से वर्षा का अलर्ट

## कोहरा व सर्दी का प्रकोप जारी, तापमान और गिरने का अनुमान

जयपुर, 08 जनवरी। राजस्थान में इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है और साथ ही राज्य के कई इलाके धुंध और कोहरे की चपेट में हैं। ठंड और कोहरे के कारण लोग अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार, राज्य में आगामी चार से पांच दिन मौसम मुख्यत: शुष्क रहने तथा अधिकांश भागों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

■ **मजबूत पश्चिमी विक्षोम के सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग में वर्षा का अनुमान है।**

मौसम केन्द्र के प्रवक्ता के अनुसार, बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी तीन दिन कहीं-कहीं घना कोहरा छाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि आगामी 10-12 जनवरी को एक और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम केन्द्र के अनुसार बीकानेर संभाग में रविवार को बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार हल्के पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की बारिश होगी। इसके बाद रात के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी।

राज्य में शनिवार को सर्वाधिक तापमान चित्तौड़गढ़ में 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान वनस्थली (टोंक) में 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के एक मात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियसदर्ज किया गया।

# संभल मंदिर - मस्जिद विवाद की सुनवाई पर रोक

प्रयागराज, 08 जनवरी। संभल के मंदिर मस्जिद विवाद से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की जिला कोर्ट में चल रहे मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगा दी है। संभल की शाही जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ये रोक लगाई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सभी पक्षकारों से जवाब दाखिल करने को कहा है। पक्षकारों को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करना होगा। पक्षकारों के जवाब पर मस्जिद कमेटी को दो हफ्ते में अपना प्रत्युत्तर दाखिल करना होगा।

■ **इन्तजामिया कमेटी की याचिका पर हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगाई**

इलाहाबाद हाईकोर्ट से जिला अदालत में चल रही मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगने से मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत मिली है। जानकारी के अनुसार, हाईकोर्ट में आज जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच में मामले की सुनवाई हुई। हाई कोर्ट इस मामले में 25 फरवरी को फिर से सुनवाई करेगी।25 फरवरी को फ्रेश केस के तौर पर मामले की सुनवाई होगी।

संभल की जिला अदालत में 19 नवंबर को हरिशंकर जैन व अन्य की तरफ से मुकदमा दाखिल किया गया था। हिंदू पक्ष की तरफ से दावा किया था कि मुगल काल की शाही जामा मस्जिद उस स्थान पर बनाई गई थी जहां कभी हरिहर मंदिर था।

# भारतीय मूल की अनिता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिबरल पार्टी के नेतृत्व के लिए चुनाव की तैयारी चल रही है, आनंद को इसमें मजबूत प्रत्याशी माना जा रहा है। आनंद को उनके अनुभव और समावेशी नेतृत्व के कारण ताकतवर माना जा रहा है। हालांकि नेतृत्व का चुनाव कई कारकों पर निर्भर करेगा, जिनमें पार्टी की गतिशीलता, जन समर्थन और लिबरल पार्टी द्वारा आगामी चुनावों के लिए अपनाई जाने वाली रणनीति प्रमुख है।

अनिता आनंद भारतीय मूल की हैं और अगर वे प्रधानमंत्री बनीं तो कैनडा और भारत के रिश्तों को नई दिशा मिल सकती है, हालांकि दोनों देशों के बीच के गंभीर विवाद के समाधान में सिर्फ उनका नेतृत्व ही काफी नहीं हो सकता है। कई कारक हैं जो द्विपक्षीय सम्बंधों की दिशा प्रभावित करेंगे।

फिर भी आशावादी होने के कई कारण हैं। तमिलनाडु और पंजाब से आए अप्रवासी की पुत्री होने के कारण, वे भारत की चिंताओं व सांस्कृतिक संवेदनाओं के प्रति अधिक जागरुक हो सकती है। उनकी विरासत विश्वास को बढ़ाने व संवाद बहाल करने में पुल का काम कर सकती है।

संकट के प्रबंधन में आनंद का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत अच्छा है, कोविड-19 के दौरान टीकों की खरीद में उनकी नेतृत्व क्षमता नज़र आई थी। इससे संकेत मिलता है कि तनावपूर्ण रिश्तों के समाधान में वे व्यवहारिक सोच अपना सकती है। एक ऐसा नेता जो व्यापार, सुरक्षा व पारस्परिक हितों पर ध्यान देगा, वह विवादास्पद मुद्दों का अराजनीतिककरण कर सकता है। भारत जैसे- जैसे विश्व में आर्थिक ताकत के रुप में उभर रहा है, आनंद फ्री ट्रेड एग्रीमैंट वार्ता को फिर से शुरु करने पर प्राथमिकता दे सकती हैं, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो सकती है।

प्रधानमंत्री के रुप में अनिता को खालिस्तानी तत्वों के सम्बंध में भारत की चिंताओं का समाधान करना होगा। इसके लिए उन्हें प्रभावशाली सिख समुदाय से डील करना होगा।

अगर अनिता में भारत की सम्प्रभुता के लिए खतरा बने हुए आतंकी तत्वों पर कार्यवाही करने की इच्छाशक्ति है और वे व्यापारिक व शैक्षिक सहभागिता बढ़ाती हैं और दोनों देशों के बीच संवाद स्थापित करती हैं तो भारत और कैनडा के सम्बंधों में सुधार की संभावना बढ़ सकती है।

ट्रूडो के नेतृत्व में भारत व कैनडा के सम्बंधों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों के प्रति उनके ढीले रुख का भारत हमेशा से आलोचक रहा है। इससे दोनों देशों के सम्बंध बिगड़े थे और ट्रूडो द्वारा कैनडा के नागरिक की हत्या में भारत सरकार पर आरोप लगाने ने रिश्ते और बिगाड़ दिए थे। फ्री ट्रेड एग्रीमैंट वार्ता रद्द करने और मंत्रिमंडल स्तरीय वार्ताएं भी ठप्प पड़ गईं।

विदेश नीति विशेषज्ञों का कहना है कि नेतृत्व परिवर्तन के बाद भी दोनों देशों के बीच वार्ता के लम्बे दौर होने चाहिए, तभी भारत और कैनडा के रिश्तों में भरोसा बहाल हो सकता है। बाहरी कारक, जैसे अमेरिका-भारत और कैनडा -अमेरिका सम्बंधों में हो रहे बदलाव, भी भारत व कैनडा के संबंधों की दिशा तय कर सकते हैं।

# तेलुगू भाषी लोगों की प्रतिष्ठा व साख धूल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अनुदान योजना का दुरुपयोग किया।

समस्त तेलुगू भाषी समुदाय तथा तेलुगू भाषी दोनों राज्यों के लिए यह शर्म की बात है कि अमेरिका में आंध्र व तेलंगाना मूल के लोग ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए गए। इससे पूरे देश तथा विशिष्ट रूप से, दोनों राज्यों का नाम खराब हुआ।

संयुक्त आंध्र प्रदेश को अक्सर संयुक्त राज्य अमेरिका का 51वां राज्य कहा जाता था, इस राज्य के लोगों की अमेरिका जाने और वहाँ बसने की रुचि को देखते हुए।

हैदराबाद में तो "चिलुकुरु बालाजी" का एक मंदिर भी है जिसकी विशेषता है कि वहाँ प्रार्थना करने से अमेरिका का वीसा मिल जाता है। हैदराबाद में यह मंदिर वीसा मंदिर के नाम से जाना जाता है और हज़ारों की संख्या में वीसा पाने के इच्छुक लोग इस मंदिर में आते हैं और वीसा पाने के लिए विशेष पूजा करते हैं।

सी.एस.आर. अनियमितताअें का स्कैण्डल उजागर होने के बाद, अमेरिकन फैडरल इन्वैस्टिगेशन एजेन्सियों तथा इन्टर्नल रैवेन्यु सर्विस अधिकारियों ने जाँच शुरु कर दी है।

एपल के कई कर्मचारियों, जिनमें मुख्यत: तेलुगू भाषी लोग शामिल हैं, के ऊपर आरोप है कि इन लोगों ने यूनाइटेड स्टेट्स में स्थित तेलुगू

■ **अब यह "काण्ड" पकड़ा गया तथा अमेरिका के आई.आर.एस. विभाग को इसकी शिकायत की गई और 185 तेलूगू भाषी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। प्रतिष्ठा धूल धुसरित होने से क्या अब आंध्र व तेलंगाना के तकनीकी आई.टी. प्रोफेशनल्स को अमेरिका में प्रवेश के लिये "वीसा" मिलेगा?**

समितियों के साथ मिलीभगत करके एपल की सी.एस.आर. योजना का अनुचित लाभ उठाया है। इस योजना में गैर लाभकारी संगठनों का समर्थन करने की आड़ में, उक्त तेलुगू समितियाँ एपल के कर्मचारियों से दान लेती थीं, जिसके बाद एपल कंपनी समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के रुप में उतना ही धन संस्थाओं को देती थीं।

जाँच में सामने आया कि इन डोनेशनों में हेराफेरी की गई थी। एपल से, चंदे के बराबर धन प्राप्त करने के बाद, फण्ड्स को कर्मचारियों को वापस दे दिया जाता था। एपल के फायनैंस विभाग द्वारा एक आंतरिक समीक्षा में ये अनियमितताएं सामने आईं। एपल ने इन्टर्नल रैवेन्यु सर्विस को शिकायत की, जिसके बाद अब बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की भी जाँच की जा रही है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, तेलुगू एसोसिएशनों ने एपल में काम करने वाले तेलुगूभाषी लोगों से डोनेशन माँगे तथा एक बड़ी योजना के तहत, कम्पनी की सी.एस.आर. की मैचिंग ग्रान्ट्स का अनुचित लाभ उठाया।

धोखाधड़ी के ये कृत्य उस समय प्रकाश में आये, जब एपल के वित्त विभाग ने डोनेशन के रिकॉर्ड्स में विसंगतियाँ तथा भिन्नताएँ पायीं। इसके तुरन्त बाद, अधिकारियों को सचेत कर दिया गया।

इस रहस्योद्घाटन के बाद, एपल ने विस्तृत एवं गहन ऑडिट कराया तथा ऑडिट में एपल के "ग्रान्ट प्रोग्राम" के दुरुपयोग की पुष्टि हो गई।

इस घोटाले का असर बर्खास्त कर्मचारियों तक ही सीमित नहीं रहा, इससे पूरे अमेरिका में फैले तेलुगू संगठनों तथा टैक-समुदाय में आक्रोश एवं चिन्ता पैदा हो गई है। बहुत से लोग यह प्रश्न कर रहे हैं कि एपल जैसी प्रतिष्ठित कम्पनी में इतनी बड़ी "ब्रीच ऑफ ट्रस्ट" (विश्वास घात) की स्थिति कैसे पैदा हो सकती है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के क्या उपाय हो सकते हैं।

लेकिन, भारत या दो तेलुगू भाषी राज्य ऐसे समय पर इस घटना की पब्लिसिटी करना नहीं चाहेंगे, जब अमेरिका में सरकार बदलने वाली है तथा चंद दिन बाद, 20 जनवरी को डॉनल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति पद सँभालने वाले हैं। विशेष बात यह भी है कि ट्रम्प के प्रबल समर्थक तथा "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन" (एम.ए.जी.ए.) एक्टिविस्ट्स बहुत से विदेशियों को प्रतिबंधित एवं निर्वासित करना चाहते हैं, क्योंकि उनका आरोप है कि विदेशों से अमेरिका में आ बसे लोगों के कारण, अमेरिकी लोगों के लिये नौकरियाँ ही नहीं रहीं हैं।

अमेरिका के कुछ क्षेत्रों में भारतीय समुदायों के प्रति नफरत की भावना पहले से ही मौजूद है। इसके अलावा, ऐसी भी रिपोर्ट हैं कि भारतीय मूल के करीब 18,000 लोगों में, जिन्हें अमेरिका में उनके अवैध प्रवेश के कारण निर्वासित किया जा सकता है, एक बड़ा हिस्सा तेलुगूभाषियों का है।

"तेलुगू ऐसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (टी.ए.एन.ए.) जैसी तेलुगू एसोसिएशन्स के स्थानीय नेता संदेह की नज़र से देखे जा रहे हैं। इसके अलावा, इन पर यह भी आरोप है कि जब इस प्रकार की गतिविधियाँ हो रही होती हैं तो इनका ध्यान कहीं और होता है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908